
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 21 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सेना बल के 60वें रेजिंग डे सेरमनी पर स्टैम्प जारी करते हुए।

राष्ट्रीय दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 21 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड







## आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद् गीता

## मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"

स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख





# राममय: देश-विदेश से अयोध्या पहुंचे श्रद्धालु

## विराजमान रामलला की निकाली पालकी यात्रा, 400 किलो का ताला पहुंचा रामनगरी

**उल्लास**

**8 देवालय दीपों से जगमग होंगे और रामभक्ति की बयार बहेगी। आयोजनों के लिए मठ-मंदिर सज-धज रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**अयोध्या** में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा उल्लास हर ओर छाया है। काशी में दिवाली सरीखे इस उत्सव की तैयारी पूरे उत्साह के साथ चल रही है। देवालय दीपों से जगमग होंगे और रामभक्ति की बयार बहेगी। आयोजनों के लिए मठ-मंदिर सज-धज रहे हैं। बाबा विश्वनाथ धाम में 25 हजार दीप जलेंगे तो मां अन्नपूर्णा मंदिर में 11 हजार दीप और 200 बटुक सुंदरकांड का सामूहिक पाठ करेंगे। **अयोध्या में अतिथियों का आगमन जारी:** शनिवार को रामनगरी पहुंचने वाले अतिथियों में मुख्य रूप से ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद, मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, योग गुरु बाबा रामदेव, बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री और युग पुरुष परमानंद शामिल हैं। इसी तरह विभिन्न अखाड़ों के महंत और पंचों के साथ बड़ी संख्या में आमंत्रित अन्य धमार्चार्यों के आने का सिलसिला जारी है।

**सील हुई रामनगरी, बिना पास नहीं मिलेगा प्रवेश:** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रामनगरी का सुरक्षा घेरा सख्त किया गया है। शनिवार की रात से ही जिले समेत अयोध्या धाम की सीमाएं सील कर दी गई हैं। अयोध्या धाम को जाने वाले मार्गों उदया चौराहा, साकेत पेट्रोल पंप, रानोपाली, टेढ़ी बाजार, मोहबरा, बूथ नंबर चार, बालूघाट, नयाघाट, रेलवे स्टेशन आदि पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रहेगी। यहां सिविल पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों के जवान भी तैनात किए गए हैं। किसी को भी यहां से वाहन लेकर अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

## 400 किलो का ताला पहुंचा रामनगरी

**श्रीरामलला** की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देशभर से कोई न कोई सामग्री अयोध्या धाम भेजी जा रही है। शनिवार को कारसेवकपुरम में अलीगढ़ से 400 किलो का ताला और 30 किलो की चाबी भेजी गई। अलीगढ़ में ज्वालापुरी की गली नंबर पांच निवासी ताला कारीगर सत्यप्रकाश शर्मा और उनकी पत्नी रुकमणी शर्मा ने 400 किलोग्राम के ताले को तैयार किया। इसकी लंबाई छह फीट दो इंच और चौड़ाई दो फीट साढ़े नौ इंच है। इसे बनाने में 65 किलोग्राम पीतल लगा है। तीन फिट चार इंच लंबी इसकी चाबी 30 किलोग्राम की है। इसको बनाने में छह महीने लगे।



**राम मंदिर के संघर्ष का पाठ हिंदी और गुजराती में पढ़ेंगे छात्र:** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। इस बीच देश में पहली बार सूरत की वीर नर्मद दक्षिण गुजरात यूनिवर्सिटी राम मंदिर के 500 साल के संघर्ष का इतिहास पढ़ाने जा रही है। यह कोर्स महज 30 घंटे का सर्टिफिकेट कोर्स होगा। इसे ऑफलाइन पढ़ाया जाएगा। गुजराती और हिंदी माध्यम में पढ़ाए जाने वाले इस कोर्स में बाबरी मस्जिद के विवादित हिस्से से लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी शामिल किया जाएगा।

सप्ताहांत में अपने परिवार के साथ मनोरंजन पार्कों में जाकर समय बिताना लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यहां बच्चों को झूले और अन्य खेलों का आनंद मिल जाता है, तो बड़ों को खुले में बैठने और बातचीत करने और खाने-पीने का मजा मिलता है। लोगों की इसी पसंद को ध्यान में रखते हुए नोएडा में महाभारत थीम पर मनोरंजन पार्क विकसित किया जा रहा है, तो जल्द ही अयोध्या के आसपास रामायण की थीम पर पार्क विकसित करने की योजना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके पहले ही नोएडा में वेद वन पार्क का उद्घाटन कर चुके हैं, जो लोगों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। राजस्थान में 1000 टन बालू से बनाया गया भव्य राम मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा होगी।

## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भाजपा करा रही हमले'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने शनिवार को असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भाजपा के कार्यकताओं द्वारा हमला किये जाने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा हर अधिकार और न्याय की गारंटी को 'रौंदना और ध्वस्त करना' चाहती है।

**'धमकाने से नहीं डरेंगे':** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी अपने कार्यकताओं और नेताओं को डराने-धमकाने के ऐसे हथकंडों से नहीं डरेगी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम असम के लखीमपुर में भाजपा के गुंडों द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा वाहनों पर शर्मनाक हमले और कांग्रेस पार्टी के बैनर और पोस्टर फाड़ने की कड़ी निंदा करते हैं।

**लोकतंत्र का अपहरण कर रही भाजपा:** खरगे ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने भारत के लोगों को संविधान में दिए हर अधिकार और न्याय को कुचलने और ध्वस्त करने का प्रयास किया है। भाजपा लोगों की आवाज को दबाना चाहती है, जिससे लोकतंत्र का अपहरण हो रहा है।

# एक देश एक चुनाव: ईवीएम के लिए खर्च होंगे 10 हजार करोड़

## चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार को पत्र लिखा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

एक साथ चुनाव कराने को लेकर देश में राजनीति चरम पर है। भाजपा नीत केंद्र सरकार इसके पक्ष में है तो विपक्षी दल इसका खुलकर विरोध कर रहे हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है।

**चुनाव आयोग का केंद्र को पत्र:** चुनाव आयोग ने कहा क यदि लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो नई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) खरीदने के लिए हर 15 साल में अनुमानित 10,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। ईवीएम का शेल्फ जीवन 15 वर्ष है और यदि एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो मशीनों के एक सेट का उपयोग उनके जीवन काल में तीन चक्रों के चुनाव कराने के लिए किया जा सकता है।

## अयोध्या धाम में 51 स्थानों पर 22 हजार से अधिक वाहनों की होगी पार्किंग

**अयोध्या:** योगी सरकार ने श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों के वाहनों की पार्किंग के लिए पुख्ता इंतजाम किये हैं। योगी सरकार ने पार्किंग की व्यवस्था प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और उसके बाद आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम में पार्किंग के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया है। इन पार्किंग में 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। इतना ही नहीं पार्किंग के लिए किसी को भटकना न पड़े इसके लिए पार्किंग स्थलों को गूगल मैप पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं पार्किंग स्थलों को वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य मेहमानों के लिए भी रिजर्व किया गया है। इन पार्किंग को वायरलेस और पीए सिस्टम से लैस किया गया है।

**इन स्थानों पर की गई पार्किंग की व्यवस्था:** एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉल्सन ने बताया कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों की गाड़ियों को पार्क करने के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया गया है। धर्म पथ मार्ग पर चार स्थानों, परिक्रमा मार्ग पर पांच स्थानों, बंधा मार्ग पर दो स्थानों, टेढ़ी बाजार रामपथ से महोबरा मार्ग पर एक और टेढ़ी बाजार रामपथ से उनवल मार्ग पर 7 स्थानों को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया।

# फर्जी फोटो-वीडियो को हर हाल में रोकें

## सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को दिया आदेश- फर्जी फोटो-वीडियो को हर हाल में रोकें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अयोध्या** में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुरक्षा पुख्ता है। अब सोशल मीडिया पर मंदिर के बारे में किसी भी तरह के अफवाह और गलत सूचना को लेकर सरकार ने सख्ती दिखाई है। सरकार ने शनिवार को मीडिया आउटलेट्स और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें उन्हें अयोध्या में 22 जनवरी के राम मंदिर कार्यक्रम से संबंधित किसी भी झूठी या



हेरफेर की गई सामग्री को प्रकाशित करने के प्रति आगाह किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी की गई सलाह में कहा गया है कि यह देखा गया है कि कुछ असत्यापित, उत्तेजक और फर्जी संदेश फैलाए जा रहे हैं, खासकर सोशल मीडिया पर, जो सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं।

**निर्देश**

**8 उत्तेजक और फर्जी संदेश फैलाए जा रहे हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं**

**शिलान्यास** मुख्यमंत्री ने हमीरपुर जिला के भोरंज में 150 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए

# 'भोरंज के विकास में सभी परियोजनाएं मील का पत्थर सिद्ध होंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को हमीरपुर जिला के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रुपए की 12 परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने 45.51 करोड़ रुपए की लागत से बनी लगवालती-बमसन पेयजल योजना के सुधारीकरण, 8.34 करोड़ रुपए की लागत से बनी समीरपुर-मतलाणा भुआणा सडक, 11.49 करोड़ रुपए की लागत से बने भोरंज अस्पताल के नए भवन तथा 2.06 करोड़ रुपए की लागत से भोरंज में बने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय के नए भवन का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री ने 45 करोड़ रुपए लागत की ब्यास नदी पर बनने वाली मलियां सधरयाण उठाऊ पेयजल योजना, जाहू में 16.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राजीव गांधी ग्रीन इंडस्ट्री एरिया, 6.09 करोड़ रुपए की लागत से भोरंज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पेयजल योजनाओं के सुधारीकरण, 3.34 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सम्मू ताल बस अड्डे, 2.58 करोड़ रुपए की लागत से भोरंज में जल शक्ति विभाग की निरीक्षण कुटीर, 2.11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अधिशाषी अभियन्ता, जल शक्ति विभाग भोरंज के भवन एवं आवास तथा सम्मू ताल में 1.98 करोड़ रुपए की लागत से प्राकृतिक तालाब के सौंदर्यीकरण संबंधी परियोजना की आधारशिला रखी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने भोरंज के कराह में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला भी रखी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इन परियोजनाओं का क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा और भोरंज के विकास में यह सभी परियोजनाएं मील पत्थर सिद्ध होंगी।




# 'फरीदाबाद-गुरुग्राम में साइंस सिटी बनाएगी सरकार'

## विज्ञान महोत्सव का उद्देश्य संपन्न भारत की प्रगति के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में रचनात्मकता को बढ़ावा देना: सीएम मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। नए वैज्ञानिक शोध नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार फरीदाबाद या गुरुग्राम जिला में से एक में 50 एकड़ में साइंस सिटी की स्थापना करेगी। इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को थिस्टी बायोटेक संस्थान में 9 वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा आज इस 9वें विज्ञान महोत्सव की मेजबानी करने का अवसर हरियाणा को मिला है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान महोत्सव में छात्र, शिक्षक, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, उद्यमी, शिक्षाविद, स्टार्टअप तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भागीदारी की है। ये सभी भागीदार बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि यह विज्ञान महोत्सव विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को उजागर करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न हितधारकों के बीच ज्ञान के अदान-प्रदान व चिंतन-मनन के लिए एक मंच उपलब्ध करवाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज्ञान के प्रति समर्पण को जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि जय-जवान, जय-किसान, जय-विज्ञान और जय-अनुसंधान का मंत्र देकर भारत को आगे बढने के लिए नई दिशा प्रदान की है।

### 'हर जिले में की जा रही है विज्ञान क्लब की स्थापना'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि विज्ञान की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए हर जिले के 10 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान क्लबों की स्थापना की जा रही है। ये विज्ञान क्लब युवा छात्रों के बीच वैज्ञानिक सोच एवं जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मेधावी छात्रों की विज्ञान में रुचि को बढ़ाने के लिए एक्सपोज विजिट आयोजित की जाती हैं। इनमें छात्रों को देश में स्थित विभिन्न विज्ञान केन्द्रों व साइंस सिटी में ले जाकर उन्हें विज्ञान के अनुसंधानों से परिचित कराया जाता है। प्रदेश के मेधावी वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें हरियाणा विज्ञान रत्न और युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। गत वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित समारोह में वर्ष 2019, 2020 व 2021 के लिए 11 वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया था। हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार की राशि को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये किया गया है।

प्रदेश के छात्रों में विज्ञान की शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भी विज्ञान विषयों को पढ? वाले छात्रों के लिए ग्यारहवीं कक्षा से लेकर शोध (पीएचडी) स्तर के छात्रों को छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। 11वीं व 12वीं कक्षा के लिए 1500 रुपये प्रतिमाह, बी.एस.सी के छात्रों के लिए 4,000 रुपये प्रतिमाह, एम.एस.सी के छात्रों के लिए 6,000 रुपये प्रतिमाह तथा पीएचडी के छात्रों के लिए 18,000 से 21,000 रुपये प्रतिमाह तक की छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

प्रदेश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए अलग से 6 सरकारी विश्वविद्यालय स्थापित किये गये हैं। अन्य विश्वविद्यालयों में भी विज्ञान की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इनके अलावा, जिला पलवल के गांव दुधोला में विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव उन लोगों के लिए एक आउटरीच उत्सव है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और

भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव देश का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है। इस विज्ञान महोत्सव का थीम साइंस एंड टेक्नोलॉजी : पब्लिक आउटरीच इन अमृत काल बड़ा ही प्रासंगिक व समसामयिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, समृद्ध व आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया हुआ है। इस संकल्प को पूरा करने में विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

उन्होंने विज्ञान को प्रयोगशाला से बाहर निकालकर जमीनी स्तर तक पहुंचने के तरीकों को ढूंढने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज स्थानीय समस्याओं पर शोध करके उनका समाधान करने की आवश्यकता है। इस तरह के विज्ञान उत्सव खोजी मन के विजन को साकार करते हैं और साथ ही युवाओं में एक नई ऊर्जा, एक नये दृष्टिकोण का संचार करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रसर होने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

# आप छोड़ भाजपा में शामिल हुए तंवर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में आम आदमी पार्टी की चुनाव प्रचार कमेटी के चेयरमैन रहे अशोक तंवर ने शनिवार को दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मोजूदगी में भाजपा की सदस्यता ले ली। तंवर ने दो दिन पहले ही आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अशोक तंवर का पार्टी में स्वागत किया है। अपने राजनीतिक सफर में पहले अशोक तंवर कांग्रेस में थे। फिर वह ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी में शामिल हुए। अब वह आप से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो गए हैं। अशोक तंवर ने आप और कांग्रेस के बीच में गठबंधन के विरोध में आप को प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। भाजपा को सदस्यता लेने के बाद अशोक तवंर ने बीजेपी और पीएम मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो भी गारंटी देते हैं उसे पूरा करते हैं चाहे वे किसी भी रूप में हो। हमने बहुत से लोगों को देखा है जो बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की तस्वीर तो लगाते हैं लेकिन बाबा साहब के संविधान में उनका कोई विश्वास नहीं है। वे लोग केवल छल कपट के माध्यम से धोखा देने में लगे हुए हैं। ऐसे धोखेबाजों को 2024 में जनता सबक सिखाने का काम करेगी।



## 'संदर्शिका डिजिटल ई-बुक से बच्चों का होगा समग्र विकास'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बताया कि आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग जिला कैथल में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ.विजय कुमार चावला द्वारा बालवाटिका पहली तथा दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को खेल-खेल में भाषा सीखने-सिखाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हिंदी भाषा खेल किट संदर्शिका डिजिटल ई-बुक तैयार की गई है।

जिससे पंचकोशीय ज्ञान का प्रयोग करते हुए खेल-खेल में बच्चों का न्यायसंगत समावेशन और समग्र विकास होगा।

# आमजन के विकास के लिए कार्य किए: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राम व राष्ट्र पर्यायवाची शब्द है और राम के बिना राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को मानव रचना विश्वविद्यालय फरीदाबाद में एक संवाद कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे।

इस अवसर उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन लोगों के सैकड़ों वर्षों के संघर्ष व आस्था की जीत का दिन है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि 22 जनवरी को प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में दीप अवश्य जलाए। राम हमारे रोम- रोम में बसे हुए हैं हम हर सुख और दुख में उन्हें याद करते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि धर्म नीति से जुड़ा हुआ विषय है और वह राजनीति से भी जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने 9 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बताते हुए कहा कि हमने अपने शासनकाल में अंत्योदय की भावना के साथ आमजन के विकास के लिए कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की छोटी से छोटी समस्या को समझ कर उसके समाधान का कार्य किया है। एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 9 साल पहले प्रदेश में बेटियों की संख्या 871 थी। इसके बाद बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसा सफल अभियान चलाया गया और आज प्रदेश में बेटियों की संख्या 932 पर पहुंच गई है।



**सक्षम**

8 बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसा सफल अभियान चला कर प्रदेश में किया लिंगानुपात में सुधार

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमने हरियाणा में करप्शन, क्राइम, और कास्ट बेस्ट पॉलिटिक्स को खत्म किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एंटी करप्शन ब्यूरो का गठन कर भ्रष्टाचार करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर प्रहार किया।

## 'हिसार में हिंदवान मोड़ तक 26 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा 4 लेन'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने हिसार के बालसमंद रोड पर हिन्दवान मोड़ तक के रास्ते को चार मार्गीय बनाए जाने के कार्य का शनिवार को शुभारंभ किया। हिसार बायपास से आगे 7 किलोमीटर लंबाई वाले इस मार्ग के निर्माण पर 26 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस मार्ग के दोनों और 7.25 मीटर चौड़ा रास्ता होगा, जिस पर आसानी से वाहनों का आवागमन होगा और दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चार मार्गीय रास्ते के निर्माण में नियमानुसार गुणवत्ता पूर्वक सामग्री का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के साथ-साथ यह भी ध्यान रखा जाए।

# कांग्रेस के लिए साल 2024 के चुनाव आखिरी लगते हैं: डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस की गुटबाजी पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि वर्ष 2024 के चुनाव कांग्रेस के लिए अंतिम चुनाव हो सकते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आपसी फुट खुलकर सामने आ रही है और इससे एक चीज तो स्पष्ट है कि जो कांग्रेस हरियाणा में राज बनाने की बात करती है, वह दो फाड़ हो चुकी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा गुट और एसआरके गुट अपनी अलग-अलग एक्टिविटी कर रहे है। इतना ही नहीं कांग्रेस प्रभारी की चिट्ठी के बाद भी कांग्रेस में अनुशासन नहीं दिख रहा। ऐसे में जिस पार्टी में हाईकमान के दिशा-निर्देश लागू नहीं होते, उस पार्टी का विनाश ही होता है। वहीं आम आदमी पार्टी को डिप्टी सीएम ने पानी का बुलबुला बताया और कहा कि यह बुलबुला फुट चुका है। उन्होंने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव के बाद हरियाणा के कई नेता आम आदमी पार्टी से जुड़े थे लेकिन अब वापस वही नेता पार्टी छोड़-छोड़कर जा रहे है। दुष्यंत चौटाला ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने के लिए पूर्व सांसद अशोक तंवर को शुभकामनाएं भी दी। वे शनिवार को हिसार के दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह आस्था से जुड़ा विषय है, भगवान राम सबके है इसलिए सबको कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है और वे इस कार्यक्रम भाग लेंगे। आगामी चुनावों की तैयारियों पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीजेपी और जेजेपी दोनों सभी 10 लोकसभा और सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारियां कर रही है। जहां तक गठबंधन और सीट शेयरिंग का विषय है तो उसपर हाईकमान बैठकर चर्चा करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से ईडी की पूछताछ के सवाल पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा ने जमीन बेची थी, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच हुई और इसमें सामने आया कि गलत तरीके से जमीन को बेचा गया। सुप्रीम कोर्ट का यह भी आदेश था कि यह जमीन वापस एचएसआईआईडीसी को दी जाए और एचएसआईआईडीसी प्रोजेक्ट को पूरा करके अगर जमीन को बेच सकती है तो बेचे।



**साधा निशाना**

8 पानी के बुलबुले की तरह आम आदमी पार्टी, आने वाले वापस छोड़-छोड़कर जा रहे: दुष्यंत चौटाला

# विंग्स इंडिया इवेंट में हरियाणा को मिली तीन बड़ी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा हैदाराबाद में आयोजित विंग्स इंडिया 2024 इवेंट में हरियाणा प्रदेश को तीन बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि सिविल एविएशन से हिसार एयरपोर्ट को ऑपरेशनल व मैनेजमेंट अपूर्वल से मिल चुका है। हिसार एयरपोर्ट की एटीसी कंट्रोल, रडार व अन्य तकनीकी उपकरणों के ऑपरेशन की दिशा में सिविल एविएशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू साईन हो चुका है। फरवरी माह से उनकी टीम महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसार में कार्यभार संभालेंगी और इसके उपरांत अप्रैल माह से सभी विमान आवागमन के कार्यों का शुभारंभ हो जाएगा उपमुख्यमंत्री शनिवार को लघु सचिवालय परिसर हिसार स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर बोर्डिंग, अराईवल-डिपार्चर जैसी सभी सुविधाएं सुचारू रूप से जल्द ही शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा प्राथमिक विमान सेवाएं वीजीएफ के माध्यम से केंद्रीय सरकार की उड़ान-5.2 योजना के तहत यातायात शुरू हो जाएगा, इनमें हिसार से दिल्ली, चंडीगढ़ तथा उड़ान-5.3 के माध्यम से दिल्ली, अहमदाबाद, जयपुर के लिए भी एमओयू साईन हो चुका है। इससे पड़ोसी राज्य के नागरिकों को भी अच्छी हवाई कनेक्टिविटी मिल पाएंगी। सप्ताह में दो दिन मनाली, शिमला, धर्मशाला व देहरादून, चंडीगढ़ के लिए विमान सेवाएं प्रस्तावित की है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सर्वे के आधार पर आगरा व अयोध्या के लिए भी प्रोपोजल दिया जाएगा। गुरूग्राम द्वारका एक्सप्रेस नेशनल हाई-वे के साथ 30 एकड़ में प्रस्तावित हैली हब प्रोजेक्ट को भी जल्द शुरू किया जाएगा। इसके माध्यम से उत्तर भारत के सभी धार्मिक स्थलों जिसमें हिमाचल, उत्तराखंड व राजस्थान के लिए सेवाएं मिल पाएंगी। जुलाई माह के मध्य से अंबाला सिविल एयरपोर्ट से भी सेवाएं शुरू हो जाएंगी। वेयरहाउसिंग व कार्गो कंपनियों के साथ भी एमओयू साईन हुआ है, इसमें 3800 एकड़ आईएमसी हिसार के अंतर्गत एयरो डिफेंस का कलस्टर भी बनेगा। देश की एमआरओ एसोसिएशन ने हिसार में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। इसमें टेंडर के माध्यम से पुराने टर्मिनल के तीनों हैंगरों से पुराने विमानों को रिपेयर करने की परियोजना शुरू की जाएगी। चार साल से प्रदेश सरकार के प्रयासों से ये सब संभव हुआ है।

**अपूर्वल**

8 महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से अप्रैल माह में शुरू होगा विमानों का आवागमन: डिप्टी सीएम

# 'बीजेपी ने बेरोजगारी में हरियाणा को बनाया नंबर वन'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

बीजेपी जुमलेबाजों की पार्टी है। चुनावों में लोगों को धर्म व जाति में बांट कर वोट हथियाना इनका काम है। विकास व लोगों के हितों को इनको जरा भी ख्याल नहीं है। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कांग्रेस संदेश यात्रा के तीसरे दिन शनिवार को नांगल चौधरी में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में युवा वर्ग रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। बीजेपी ने हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर वन बना दिया है। उन्होंने कहा कि मंहगाई चर्म सीमा पर है जिसके चलते लोगों को जीना दूभर हो गया है।



उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार लोगों के हितों की तरफ ध्यान देने की बजाय चुनावों में धर्म व जाति के नाम पर वोट मांगने के लिए हर बार कोई न कोई नोटंकी करती आई है, पर इस बार बीजेपी की किसी प्रकार की नोटंकी नहीं चलने वाली क्योंकि लोग सब समझ चुके है। लोगों के मुद्दों को लेकर बीजेपी ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के जरिये जहां कांग्रेस की नीतियों का संदेश लोगों को दिया जा रहा है वहीं बीजेपी के जुमलों की पोल भी खोली जा रही है। उन्होंने कहा कि कभी प्रोपर्टी आईडी तो कभी फैमिली आईडी आदि के नाम लोगों को लाइनों में लगाने के अलावा बीजेपी ने कुछ नहीं किया। लोगों की विभिन्न आईडी में गलतियां करके सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के 10 साल के कार्यकाल में लोग परेशान हो चुके है इसलिए आने वाला समय कांग्रेस का होगा और कांग्रेस के राज में लोगों के हितों की योजनाएं चलाई जाएंगी। लोगों को न्याय दिलाया जाएगा, बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा, विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी लोगों की आवाज को दबाने का काम करती आ रही है पर अब हम लोगों की आवाज को बुलंद करेंगे हम किसी से डरने वाले नहीं है।

# पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने सुरक्षा वापस लेने को दी हाईकोर्ट में चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा विधान सभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा सरकार से जवाब तलब किया है। कुलदीप शर्मा ने हरियाणा सरकार के उस आदेश को रद्द करने की गुहार लगाई है जिसके तहत उसकी सुरक्षा वापस ली गई है।हाईकोर्ट ने याचिका पर हरियाणा सरकार से जवाब तलब किया है। कुलदीप शर्मा ने अपनी याचिका में कहा कि वह दो बार विधायक, हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष और विधानसभा का स्पीकर रहे हैं। वर्तमान में वह करनाल जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। साल 2015 में एक पुलिस अधिकारी की हत्या के बाद उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए आवाज उठाई थी। उसके बाद आरोपित गिरफ्तार हुए थे। उसके बाद उन्हे लगातार धमकी मिलती रही और इस बाबत उसने पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवाई थी। अब हरियाणा सरकार ने उनकी सुरक्षा वापस लेने के आदेश जारी कर दिए जबकि उन्हें अज्ञात नंबरों से धमकी भरे फोन आ रहे है। इस बाबत उन्होंने पुलिस व एडीजीपी, सीआईडी को मांग पत्र देकर उनकी सुरक्षा के बारे में विचार करने का आग्रह किया लेकिन उस पर कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय उत्थान पथ पर तेजी से बढ़ रही आगे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अंत्योदय उत्थान पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए, लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लाभार्थियों के घरद्वार पर सीधे पहुंच कर योजनाओं का लाभ पहुचा रही है। हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में 49 लाख 46 हजार से अधिक लोग भागीदारी कर चुके है। इस दौरान 8 लाख 59 हजार से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच, 9 लाख 46 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए है। ग्रामीणों को इस बात की खुशी है कि उनके प्रतिभावान युवाओं को उन्हीं के बीच में सम्मान दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान 37771 महिलाओं, 49135 विद्यार्थियों, 7257 खिलाडि?ं और 6914 कलाकारो को सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ के लिए 28 हजार से अधिक लोगों व मेरा भारत वालंटियर के तहत 1 लाख 39 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है।

**लाभ**

8 लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोग स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक दिखाई दे रहे हैं। लोगों में इस बात का संतोष है कि निरोगी हरियाणा, आयुष्मान भारत, चिरायु हरियाणा व टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी व टेस्ट घर द्वार पर उपलब्ध हो रहे हैं।

# 'इजराइल भेजे जा रहे युवाओं के जीवन को खतरे की जिम्मेदारी सीएम की होगी'

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की युवाओं के रोजगार के लिए बनाई नीति की भी जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को यहां बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की युवाओं के रोजगार के लिए बनाई नीति की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ सौतेला व्यवहार किया है। पिछले साढ़े नौ साल में भाजपा सरकार ने युवाओं को झूठे वादों के अलावा कुछ नहीं दिया। साझा पात्रता परीक्षा भी पूरी तरह से नाकाम हुई है और हरियाणा लोकसेवा आयोग भी विफल रहा है। जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 2 सालों में ही 42 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। वहीं लाखों युवाओं को प्राइवेट क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में विदेशों से आकर युवा अपने उद्योग धंधे स्थापित पर रहे हैं। पंजाब में युवाओं का वापसी आगमन शुरू हो गया है। प्राइवेट क्षेत्र में भी निवेश के अवसर मिल रहे हैं। बड़े बड़े औद्योगिक घराने भी पंजाब में निवेश कर चुके हैं। वहीं खट्टर सरकार हरियाणा के युवाओं को युद्ध के खतरे में झोंकने जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा के युवाओं को नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया था। लेकिन उनका 75 फीसदी आरक्षण का कानून इतना कमजोर था कि वो कोर्ट में धाराशायी हो गया। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार अपने युवकों को विदेश से लेकर पंजाब में नौकरी के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अनेक उद्योगों को पंजाब में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है ताकि युवाओं को प्राइवेट रोजगार मिल सके। वहीं हरियाणा की खट्टर सरकार युवाओं को युद्ध में धकेल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 25 लाख युवा रोजगार के लिए दर बदर भटक रहे हैं। लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा जबकि प्रदेश में स्वीकृत पद 2 लाख से ज्यादा खाली पड़े हैं। जिनको भरने में हरियाणा सरकार नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71,000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42,000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29,000 पद खाली पड़े हैं।



पुलिस विभाग में 21500, परिवहन विभाग में 9339, पशुपालन विभाग में 5738, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग में 5073, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 2867 पद रिक्त पड़े हैं।

# मानव चौक पर चलाया चालान अभियान

## अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी, अतिक्रमण न करें नहीं तो उनके चालान किए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के मानव चौक पर पिछले कई दिनों से भारी भरकम जाम की स्थिति बनी हुई थी। यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लोगों की इस परेशानी को देखते हुए पुलिस प्रशासन और निगम हरकत में आया और उक्त स्थान पर वाहन खड़े करने वालों पर शिकंजा कसा। वहीं कई वाहन चालकों के चालान भी काटे। वहीं एक गाड़ी को क्रेन की सहायता से टो कर ले जाया गया। इसके साथ ही निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि वह अतिक्रमण न करें नहीं तो उनके चालान किए जाएंगे और सामान को जब्त कर दिया जाएगा। गत दिवस नगर निगम का दस्ता पुलिस टीम के साथ मानव चौक पर पहुंचा । इस दौरान निगम की टीम को देखते ही दुकानदारों ने सड़कों पर रखा सामान अंदर रखना आरंभ कर दिया। इस दौरान निगम की टीम ने कुछ दुकानों के बाहर रखा





सामान, होर्डिंग्स ट्रॉली में रखना शुरू कर दिया। तभी कुछ दुकानदर निगम कर्मियों से सामान वापिस करने की गुहार लगाते भी नजर आए। दुकानदारों का कहना था कि यदि वह दुकानों के बाहर होर्डिंग्स नहीं लगाएंगे तो लोगों को उनकी दुकानों की जानकारी कैसे होगी। लेकिन निगम कर्मचारियों ने दुकानदारों की एक न सुनी और सामान को ट्रॉलियों में भरकर ले गए। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी भी दे गए कि अगर दोबार सामान बाहर रखा तो चालान भी काटे जाएंगे। गौरतलब है कि मानव चौक पिछले कई दिनों से जाम से जूझ रहा था। जिसके चलते अक्सर यहां पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती थी। मात्र 200 मीटर की सड़क पार करने में 10-15 मिनट का समय लग रहा था। ऐसे में आज प्रशासन द्वारा उठाए गए इस कदम की लोगों ने सराहना की और कहा कि अब जनता को जाम से राहत मिलेगी। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति नो पार्कि एरिया में वाहन खड़े करेगा तो उसके चालान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अपनी सुविधा के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को दिक्कत में डालना उचित नहीं है। ऐसे में हम लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं कि वह सड़कों पर सावधानी से वाहन चलाएं तथा अपने वाहनों को बाजारों व अन्य नो पार्किंग एरिया में खड़े न करें। इससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि कोई व्यक्ति नो पार्किंग में वाहन खड़ा करेगा तो उसे भारी भरकम जुमार्ना तो देना ही होगा। उसके साथ ही उसकी गाड़ी को भी केन की मदद से उक्त स्थान से उठाया जाएगा। वहीं उन्होंने अवैध अतिक्रमण करने वालों को भी चेतावनी देते हुए कहा है कि जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण करने वाले ही हैं।

# नगर परिषद बनाने की सीएम घोषणा का नोटिफिकेशन जारी करने की मांग

**भेत्रा ज्ञापन**

> 8 सभी 22 अवैध कालोनियों को स्वीकृत कर बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की है

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** बचाओ संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को मांग पत्र भेज समालखा को नगर परिषद बनाने की सीएम घोषणा का तत्काल नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की है । साथ ही पालिका सीमा वृद्धि का गजट नोटिफिकेशन जारी करने, सभी 22 अवैध कालोनियों को स्वीकृत कर बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की है । समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया कि गत 26 नवंबर 2023 को समालखा रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने समालखा नगर पालिका का दर्जा बढ़ा कर नगर परिषद बनाने की सीएम घोषणा की थी। घोषणा को करीब दो महीने बीत गये लेकिन आज तक गजट नोटिफिकेशन जारी नही किया। इसी



तरह पालिका सीमा वृद्धि का ड्राफ्ट नोटिफिकेशन तो गत वर्ष 16 नवंबर को जारी कर दिया था, लेकिन आज तक उसका भी गजट नोटिफिकेशन जारी नही हुआ । सीएम घोषणाएं हवा हवाई साबित हो रही हैं । शहर वासी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं ।

**कांग्रेस शासनकाल में 17 तो भाजपा शासन में सिर्फ दो अवैध कॉलोनियां पास हुई:** कॉमरेड कपूर ने बताया कि कांग्रेस के शासन मे समालखा की 17 अवैध कॉलोनियां पास की गई । दूसरी ओर भाजपा के पिछले करीब दस वर्ष के शासन काल में सिर्फ दो अवैध कालोनियां भापरा एकस्टेंशन कालोनी व कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छोकर की कोठी को साई एंकलेव कालोनी बता कर स्वीकृत किया गया। नतीजन वर्तमान मे समालखा की 22 अवैध कॉलोनियों के वासी पेयजल,पक्की सड़क,सफाई,गंदे पानी की निकासी जैसी बुनयादी समस्याओं से वंचित होकर जीवन बसर कर रहे हैं । कोई सुध लेने वाला नहीं। नगरपालिका में शामिल पट्टी कल्याणा गांव की महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती के वासी भी बुनयादी जरूरतों को तरस रहे हैं।

**अवैध कालोनियों की सूची:** भरत नगर,मयूर विहार,श्री तारा एन्कलेव कालोनी,श्री तारा एन्कलेव एक्सटैंशन,शास्त्री कालोनी (चुलकाना रोड),सांसी कालोनी (नारायणा रोड),चौपड़ा कालोनी (नारायणा रोड),प्रीतम पुरा एक्सटैंशन (पावर हाउस के पीछे),न्यू दुर्गा कालोनी,चंदन गार्डन कालोनी,गणेश पार्क कालोनी (जौरासी रोड), सीता राम कालोनी एक्सटैंशन, गांधी कालोनी एक्सटैंशन व गांधी कालोनी के पैच, आदर्श नगर कालोनी एक्सटैंशन व आदर्श नगर कालोनी के पैच, पंचवटी कालोनी एक्सटैंशन, ऑफिसर कालोनी एक्सटैंशन,शास्त्री कालोनी भापरा एक्सटैंशन,संगम कालोनी एक्सटैंशन, बजरंग कालोनी (नई अनाज मंडी के पीछे), शिव कालोनी एक्सटैंशन (रेलवे लाईन पार),राजीव कालोनी एक्सटैंशन है।

# 'प्रैपिंग टुवाड्र्स चैलेंजिंग पेरेंटहुड ओरिएंटेशन प्रोग्राम' आयोजित



**सोनीपत/रमेश कुमार**
**20** जनवरी 2024 को लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में 'प्रैपिंग टुवाड्र्स चैलेंजिंग पेरेंटहुड ओरिएंटेशन प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेषज्ञों के द्वारा माता-पिता को अपने बच्चों के प्रति सशक्त बनाना था। इस कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध सलाहकार विद् व लेखक गोल्डी मल्होत्रा, बाल चिकित्सक डॉ. बलदेव राज, होम्योपैथ डॉ. मीनू गबरानी, ऑडियोलोजिस्ट व स्पीच लैंगुएज पैथोलोजिस्ट डॉ. कृष्ण कौशिक, विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मोन्टेसरी कोऑर्डीनेटर भारती दत्ता स्कूल काऊंसलर, खेल विशेषज्ञ, पर्सनेल्टी डेवल्पमेंट ट्रेनर्स व प्री-स्कूल की अन्य अनुभवी अध्यापिकायेँ उपस्थित थे। सभी माननीय सदस्यों को प्लांटर देकर उनका अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों के मनोविज्ञान को समझने के बारे में

**सशक्त**

> 8 कार्यक्रम का उद्देश्य विशेषज्ञों के द्वारा माता-पिता को अपने बच्चों के प्रति सशक्त बनाना था

विस्तार से चर्चा की गई। अभिभावकों को बताया गया कि बच्चों के भविष्य को बनाने में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। माता-पिता को बच्चों की छोटी उम्र में ही धैर्य व संवेदनशीलता से बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास करना चाहिए और उनकी मन स्थिति को समझना चाहिए।

साथ ही सभी अभिभावकों की जिज्ञासा पूर्ण प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए गए। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हॉप स्कोच, पिन बॉल व कलरिंग गेम भी खिलाए गए। साथ ही सभी बच्चों को पेपर फ्लावर भी दिए गए।

# राम लला के अयोध्या आगमन पर सेंट जोसफ स्कूल में हर्षोल्लास

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
500 वर्षों से प्रतीक्षारत सम्पूर्ण देश के भक्तजनों की आपार श्रद्धा फलीभूत हुई। राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न होगा ' इसके लिए भूमिपूजन 5 अगस्त 2020 को किया गया था। इसी सुअवसर पर सेंट जोसफ स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमे श्री राम लला के आगमन का सुस्वागत बड़े हर्षोल्लास के साथ करते हुए उनके आदर्शों से छात्रों को अवगत करवाया गया और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। सेंट जोसफ




स्कूल सभी धर्मों के हित और सम्मान के लिए कटीबद्?ध है और छात्रों में संस्कृति और संस्कारों को पूरित करने के लिए सदैव अग्रसर है। आज 20 जनवरी 2024 के दिन स्कूल की डिप्टी डॉयरेक्टर आशिमा किरण बैनर्जी के मार्गदर्शन में स्कूल के वि?द्यार्थियों द्?वारा भगवा वस्त्र धारण कर और हाथो में 'जय श्री राम' लिखित झंडियाँ लेकर राम नाम का जयकारा लगाते हुए बडे हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। सभी विद्?यार्थियों और अध्यापकगण ने इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया । इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या भावना छिब्बर ने सभी को बधाई दी। स्कूल की डायरेक्टर किरण बैनर्जी ने

**उत्सव**

> 8 राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न होगा

इस आवसर पर बधाई देते हुए सभी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया है और बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वो अद्भुत कार्य कर दिखाया जिसकी प्रतीक्षा भारतीय समाज वर्षों से कर रहा था।

# जीवीएम में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में रोड सेफ्टी मंथ का हुआ आगाज

**सोनीपत:** जीवीएम गर्ल्ज कालेज में शनिवार को विधिवत रूप से रोड सेफ्टी मंथ का आगाज हुआ, जिसका समापन 14 फरवरी को होगा। शुभारंभ अवसर पर प्राचार्या डा. मंजूला सपाह के निर्देशन में शिक्षकों और छात्राओं ने सडक सुरक्षा यातायात नियमों की पूर्ण अनुपालना की शपथ ली। मासिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने यातायात नियमों की अनुपालना पर विशेष रूप से बल दिया। जीवीएम के रोड सेफ्टी क्लब (सुरक्षा कवच) के तत्वावधान में सडक सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल मे भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे अयोध्या मे नव निर्मित मन्दिर व उसमे श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे विद्यालय मे सर्वप्रथम वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री हनुमान चालीसा से किया गया। सभी छात्रों, अध्यापको व प्रधानाचार्य जी द्वारा हनुमान चालीसा उच्चारित की गई। एक छात्रा ने श्री राम मन्दिर के लिए 500 सालों से जो प्रयास चल रहे थे उसके इतिहास से भी सभी को



अवगत कराया। विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा सुन्दर भजन श्री राम स्तुति कवितायेँ प्रस्तुत की। कार्यक्रम के चलते हुए सभी छात्रों मे एक नयी उमंग व जोश की लहर देखते ही बनती थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) हरियाणा जोन डी, डॉ आर आर सूरी ने छात्रों नव निर्मित राम मन्दिर व राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बहुत बहुत बधाई दी व छात्रों को सम्बोधित करते हुए

**वैदिक हवन यज्ञ**

> 8 श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे विद्यालय मे सर्वप्रथम वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया

कहा कि अपने ही हिंदुस्तान मे राम मन्दिर बनाने के लिए हमें 500 साल प्रतीक्षा करनी पड़ी लेकिन सफल हुए। हमें अपनी भारतीय संस्कृति को हमेशा स्मरण रखना चाहिए।

# ग्राम प्रहरियों की जानकारी देकर लोगों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा द्वारा समय-समय पर ग्राम प्रहरियों के संम्बन्ध में गोष्ठी बुलाई जाती हैं। जिसमें सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना व जिला अम्बाला के सभी थाना क्षेत्रों में नियुक्त ग्राम प्रहरियों द्वारा भाग लिया जाता है। गोष्ठी में उपस्थित सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, निरीक्षक सीआईए, प्रबन्धक थाना व चैकी इन्चार्ज व ग्राम प्रहरियों के साथ विचारविर्मश करके उचित दिशानिर्देश दिए जाते हैं कि वह अपना कार्य मेहनत, लगन, सच्चीनिष्ठा और ईमानदारी से करते हुए अपने-अपने क्षेत्र के युवाओ को नशे से दुर रहने, महिलाओ की सुरक्षा के लिए कार्य करने व नशा बेचने वालो पर अंकुश लगाने के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी से करें।
इसी संबन्ध मे सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला दीपक कुमार द्वारा गावँ सकराओं थाना नग्गल व

**गोष्ठी**

> 8 नशा बेचने वालो पर अंकुश लगाने के लिए अपने कर्तव्य का निंवहन जिम्मेदारी से करें

अम्बाला शहर क्षेत्र व सभी थाना प्रबन्धको द्वारा ग्राम प्रहरी के संम्बन्ध मे लोगो/आमजन के साथ मिटिंग कर ग्राम प्रहरियो बारे जानकारी दी। उन्होने बतलाया कि आप के क्षेत्र में अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम प्रहरियो को नियुक्त किया गया हैं। आपके गाँव/कस्बा मे कोई भी व्यकित नशे का व्यापार करता है, नशे का आदि है, दंबग किस्म के व्यक्ति है, घरेलू हिसां करते है, महिलाओ के साथ छेडछाड करने के आदि व अन्य अपराधिक गतिविधियों मे शामिल रहते हो तो आप उनकी सूचना अपने ग्राम प्रहरी को दें।

# स्वच्छता मनुष्य को पवित्र करती है और देश को भी: फणीन्द्र

**रोहतक: प्रधानमंत्री** ने आह्वान पर देश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साप्ताहिक मंदिर-स्वच्छता अभियान शुरू किया है । जिसकी शुरूआत खुद प्रधानमंत्री ने दक्षिण के एक मंदिर से की थी । वहां प्रधानमंत्री ने खुद सफाई की व पोछा भी लगाया था ।

रोहतक जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने बताया कि आज रोहतक स्थित बड़ा बाजार मे महाबीर मंदिर में जिला टीम ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में मंदिर स्वच्छता में भाग लिया।

# छात्र -छात्राओं के बीच जर्सी वितरित की

**पुण्य का कार्य**

> 8 शिक्षा अधिकारी महोदय नें कहा की हाड़ कंपाने वाली ठंड में छात्रों को जर्सियां वितरण करना पुण्यात्मक कार्य है

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** आज रा0 व0 मा0 वि0 हथीरा, कुरुक्षेत्र के प्रांगण में सरपंच प्रतिनिधि डॉ 0 कृष्ण कुमार ग्राम पंचायत हथीरा एवं समाजसेवी रोशन लाल शर्मा एडवोकेट के सहयोग से जरूरतमंद छात्र -छात्राओं के लिए जर्सी और दुपट्टे



वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सैनी के मार्गदर्शन में किया गया ' इस समारोह में माननीय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय रोहताश वर्मा नें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की ' जिला शिक्षा अधिकारी महोदय नें सभी पात्र छात्र -छात्राओं को जर्सियां तथा दुपट्टे वितरित किए ' मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी महोदय नें कहां की हाड कंपाने वाली ठंड में जरूरतमंद छात्रों को जर्सियां वितरण करना बहुत ही पुण्यात्मक कार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त करने व कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।

# डॉ गुरचरण सिंह राष्ट्रीय सम्मान से हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ गुरचरण सिंह को ऑल इंडिया फाइन



आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी (एआईएफसीएस) के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से शनिवार को नई दिल्ली मे 12वी ऑल इंडिया डिजीटल आर्ट एक्जिबिशन में सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. गुरचरण सिंह व ललित कला विभाग के शिक्षकों को बधाई दी व आगे भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।

डॉ. गुरचरण सिंह ने बताया कि एआईएफसीएस की स्थापना ब्रिटिश सरकार के द्वारा 1928 में कि गई थी। एआईएफसीएस अवार्ड के भारत के सभी राज्यो से कलाकार प्रतिभागिता करते है। इस तरह का पुरस्कार मिलना उनके लिए व विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

# 'हम सभी को 22 जनवरी के दिन को महादीपावली के रूप में मनाना चाहिए'

**टीम एक्शन इण्डिया,/ कुरूक्षेत्र( दलबीर मलिक)** कुरूक्षेत्र की राम सेवा समिति द्वारा 22 जनवरी को श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर समिति के पदाधिकारी प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग के कार्यालय में निमंत्रण देने पहुंचे ।प्रधान बिट्टू मित्तल ने बताया कि 22 जनवरी दिन सोमवार को सैक्टर तीन में स्थित शिव मंदिर में सुंदर काण्ड का पाठ एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे सुंदर काण्ड का पाठ एवं कीर्तन, दस बजे हवन, 11 बजे अयोध्या से लाइव दर्शन, दोपहर एक बजे भंडारा, सांय सवा पांच



बजे दीप प्रज्वलन, सांय साढ़े पांच बजे आरती व साढ़े 6 बजे आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। वहीं समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि हम अपने इस जीवन में लगभग 500 वर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में उनकी मूर्ति की स्थापना होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने कुरूक्षेत्र की राम सेवा समिति के सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने 22 जनवरी को जो यह आयोजन रखा है।

# कांग्रेस की जन आक्रोश रैली आज, लोगों को दिया निमंत्रण

## जन आक्रोश रैली में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए पूर्व मंत्री एवम वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक तथा उनके समर्थकों ने पूरी ताकत झोंक दी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र , (दलबीर मलिक)**
21 जनवरी को कांग्रेस पार्टी द्वारा कुरुक्षेत्र की नई अनाज मंडी में आयोजित जन आक्रोश रैली में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए पूर्व मंत्री एवम वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा तथा उनके समर्थकों ने पूरी ताकत झोंक दी है अशोक अरोड़ा ने पिछले एक सप्ताह में प्रत्येक गांव तथा नगर के वार्डो में सभाएं कर लोगों को जन आक्रोश रैली में आने का निमंत्रण दिया अशोक अरोड़ा ने आज रैली स्थल पर जाकर अवलोकन किया और सभी तैयारियां को अंतिम रूप दियापूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा का कहना है की भीड़ की दृष्टि से जन आक्रोश रैली



एक रिकॉर्ड तोड़ रैली होगी जन आक्रोश रैली में भारी संख्या में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर लेगी भाग । रैली को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उदयभान सहित अनेक कांग्रेस नेता संबोधित करेंगे रैली मे अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए अशोक अरोड़ा के कट्टर समर्थक भी जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं जिसमें मुख्य रूप से इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जलेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, पूर्व पार्षद मनु जैन, पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा निन्दी, रणबीर सिंह बूरा, युवा कांग्रेस के प्रधान ईशांत शर्मा, कांग्रेस नेता सुनील सैनी, ओम प्रकाश पलवल, पवन चौधरी, ओम प्रकाश ओपी, पृथ्वी सिंह तुर्क, सौरभ गर्ग सहित शामिल है ये सभी नेता रैली की सफलता के लिए घर- घर जाकर रैली का निमंत्रण दे रहे हैंइसी के साथ-साथ अशोक अरोड़ा के सुपुत्र हिमांशु अरोड़ा हन्नी भी अपनी युवा टीम के साथ रैली की कमान संभाले हुए है, हन्नी युवा टीम युवा वर्ग को निमंत्रण दे रही है।पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने बताया कि आज जनता में भाजपा सरकार के प्रति काफी आक्रोश है इसीलिए रैली का नाम जन आक्रोश रैली रखा गया है उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में प्रत्येक वर्ग दुखी है।

# 'महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया जा रहा'

## विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया।



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा एक संकल्प के तौर पर निकली है, ताकि अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। यह बात मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने नगर निगम के वार्ड नंबर 17 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया।

संजय बठला ने कहा कि जब तक जरूरतमंदों को मजबूत नहीं करेंगे, तब तक भारत विकसित नहीं होगा। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं के लाभ लेने के लिए जहां रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं, वहीं मौके पर ही मेडिकल चेकअप की सुविधा भी निशुल्क रूप से उपलब्ध कराई गई है, ताकि लोग

**लाभार्थी**

**8 इन योजनाओं का लाभ पाकर सभी पात्र लोग केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थी बना रहे हैं**

अपने मेडिकल टेस्ट भी फ्री में करवा सकें। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि वे धुएं से मुक्त हों। इन योजनाओं का लाभ पाकर सभी पात्र लोग केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थी बना रहे हैं और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा रहे हैं। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने भी बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को पार्षद जोगिन्द्र शर्मा ने संकल्प शपथ भी दिलाई। वार्ड 16 में आयोजित कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंची मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि आज भारत देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन रहा है, जो हम सबके लिए गर्व की बात है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान की केंद्र व भाजपा सरकार ने हर वार्ड ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी समान भावना से विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आज घर बैठे ही लोगों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ ऑनलाईन मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाएं आमजन के द्वार तक ही पहुंच रही हैं। डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, निगम पार्षद रजनी परोचा, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी, एडवोकेट राजेश सैनी, डॉ. सिन्हा पाल, जसपाल वर्मा, रमन अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# 'किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए करें जागरूक'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में शनिवार को विस्तार अधिकारियों के लिए विस्तार विधियां एवं मल्टी मीडिया विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नई विस्तार विधियों एवं मल्टीमीडिया कौशल के बारे में जानने का मौका मिला है, जिसके माध्यम से वे अपने कार्यक्षेत्र में और भी अधिक कुशलता के साथ काम कर सकेंगे। उन्होंने विस्तार अधिकारियों से किसानों को नई तकनीकों को अपनाने हेतु जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों को नई तकनीकों के बारे में अवगत करवाने हेतु पहले विस्तार अधिकारियों को जागरूक करना होगा। यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बीआर कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशु.पालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है।

डा. संजय ने वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की भी सराहना की एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। प्रशिक्षण संयोजक डा. अजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, झारखंड, जम्मू-कश्मीर एवं पंजाब के विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान कृषि में ड्रोन का प्रयोग, सूचना प्रौद्योगिकी, वीडियो-

**कार्यक्रम**

**8 अधिकारियों के लिए विस्तार विधियां एवं मल्टी मीडिया विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ**

निर्माण, संचार कौशल, मिलेट्स इत्यादि के बारे में विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण करवाया गया है और इसके साथ-साथ विभिन्न संस्थानों से व्याख्यानों के लिए विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया था।

# अब हर समस्या का होगा समाधान : रामकुमार कश्यप



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हलका इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव उचानी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर समस्या का समाधान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दलालों से निजात दिलाई हैं। दलालों ने गरीबों की कमर तोडकर रख दी थी। विधायक ने कहा कि भारत ही दुनिया में शांति की स्थापना कर सकता है। जी 20 जैसे सपुल आयोजन ने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास करा दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जो कार्य जन संवाद में आए हैं, उन पर काम जरूर होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता से जो वायदा किया था, पूरा किया है। आज देश में योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया व अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भारत 2047 तक भारत विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत सबसे ताकतवर देश के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनेगा। इसका समय तय किया गया है।

# सीजेएम ने ट्रेनिंग सिविज जज को एडीआर सेंटर की कार्यशैली से कराया अवगत

**कार्यशैली**

**8 पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी को वोटिंग मशीन के जरिए मशीन का कार्यशैली से अवगत करवाया**




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सीजेएम सुश्री जसबीर ने शनिवार को जिला एडीआर सैंटर में उपस्थित ट्रेनिंग सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मीनू वर्मा, वनीत कौर सौखी व अमृतबीर कौर को सैंटर की कार्यशैली से अवगत करवाया। इसके अलावा अध्यापकों, पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी के लिए ग्रास रूट लेवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अमरीश, सुरेंद्र कुमार, रजत सिह, बलवान सिंह व रणजीत सिह, मास्टर ट्रेनर, चुनाव विभाग के सौजन्य से उपस्थित अध्यापकों, पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी को वोटिंग मशीन के जरिए मशीन का कार्यशैली से अवगत करवाया।

कार्यक्रम में प्रदान की गई जानकारी बारे जन साधारण को अवगत करवाने का आग्रह किया, जिससे अधिक से अधिक सख्या में लोग मतदान में भाग ले सकें व जानकारी के अभाव में किसी का मत व्यर्थ न हो। पैनल अधिवक्ता सुश्री छवि गुप्ता ने मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी।

# बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) के लिए 18 जनवरी, 2024 को बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। बंसल वायर इंडस्ट्रीज भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील वायर निर्माण कंपनी और वॉल्यूम के हिसाब से दूसरी सबसे बड़ी स्टील वायर निर्माण कंपनी है, जिसका उत्पादन वित्त वर्ष 2023 में 72,176 और 206,466 है, जो क्रमश: 20 प्रतिशत और लगभग 4 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है (स्रोत- क्रिसिल रिपोर्ट)। इस ऑफर में ? 5/- के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है, जिनका कुल मूल्य ? 7,450 मिलियन [? 745 करोड़] है। कंपनी आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी और उसकी सहायक कंपनी द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव करती है। साथ ही, इस आय से कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा किया जाएगा।

# पीएनजीआरबी के अध्यक्ष ने पंजाब के राज्यपाल से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार जैन ने चंडीगढ़ में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मुलाकात की। चेयरपर्सन ने राज्यपाल को मुख्य रूप से केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तेल और गैस बुनियादी ढांचे की प्रगति और भारत की ऊर्जा टोकरी में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 15 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण



को साकार करने की दिशा में पीएनजीआरबी द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल को पंजाब में प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देने की प्रगति के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर खाना पकाने में पाइप्ड प्राकृतिक गैस और परिवहन में सीएनजी के उपयोग में निहित पर्यावरणीय लाभ और सुविधा पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान औद्योगिक और वाणिज्यिक इकाइयों में प्राकृतिक गैस द्वारा प्रदूषणकारी ठोस और तरल ईंधन के प्रतिस्थापन, भूमि बहाली शुल्क में युक्तिकरण, सीएनजी पर वैट आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ. अनिल जैन ने इस बात पर जोर दिया कि यूटी प्रशासन के सहयोग से सीजीडी लाइसेंसधारी मार्च 2025 तक हर घर पीएनजी प्रदान करने के लिए तैयार हो जाएगा। यह शहर की स्वच्छ और हरित शहर की स्थिति के अनुरूप होगा। राज्यपाल ने इसकी सराहना की और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

इस बीच, पीएनजीआरबी के अध्यक्ष ने नितिन कुमार यादव, गृह सचिव और प्रशासक के सलाहकार और आयुक्त, एमसीए चंडीगढ़ से भी मुलाकात की।

**ऊर्जा टोकरी**

**8 राज्यपाल को पंजाब में प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देने की प्रगति के बारे में भी जानकारी दी**

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** गणतंत्र दिवस इस वर्ष पुलिस लाईन के प्रांगण में मनाया जाएगा। इस समारोह को भव्य एवं शानदार ढंग से मनाने के लिए प्रशासन तैयारियां में जुटा हुआ है। इसी के दृष्टिगत शनिवार को स्कूली बच्चों ने सामूहिम मास पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा परेड में शामिल होने वाली प्लाटुनों ने पूर्वाभ्यास किया। एसडीएम अनुभव मेहता ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की द्वितीय रिहर्सल उक्त कार्यक्रम स्थल पर ही 23 जनवरी को होगी, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों का चयन किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को होगी, जिसका निरीक्षण उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन करेंगे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में शामिल होने वाली सभी टुकडियों के जवान निरंतर पूर्वाभ्यास कर रहे हैं, जिनमें

# डीसी ने सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** उपायुक्त अनीश यादव ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल में 22 व 26 जनवरी के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा व कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता मौजूद रहे।

उपायुक्त अनीश यादव ने सबसे पहले 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित सैक्टर 7 के श्री कर्णेश्वर मंदिर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम



में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के लाईव कार्यक्रम को देखेंगे।

**गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे सीएम : उपायुक्त**

पुलिस लाईन में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह इसके बाद उपायुक्त अनीश यादव ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन करनाल के प्रांगण में आयोजित होने वाले समारोह स्थल का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे और परेड का निरीक्षण करेंगे। उपायुक्त ने इस कार्यक्रम को मद्देनजर रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की गरिमा को देखते हुए आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरा करें, ताकि भव्य एवं शानदार कार्यक्रम का आयोजन हो सके।

**दिशा-निर्देश**

**8 कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**

# प्रितपाल सिंह पन्नु ने विद्यार्थियों को दिए जीवन में सफल होने गुर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** नैशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल स्कूल के साथ मिलकर विगत 26 नवम्बर से चलाया जा रहा देश की बात कार्यक्रम अब अपने अंतिम पड़ाव में है। आज इस अभियान के तहत करनाल के दो विद्यालयों में मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला कार्यक्रम आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल अल्फा सिटी में प्रिंसिपल रूपा गोसाईं की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जबकि दूसरा कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्कूल प्रिंसिपल सुदर्शन शर्मा की अध्यक्षता में रहा। समाजसेवी व गुरुद्वारा मॉडल टाउन के कार्यकारिणी सदस्य परमजीत सिंह बेदी ने भी दूसरे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप



में शिरकत की। निफा संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति में असफल रहने वाले विद्यार्थियों से अगर बात को जाए तो अधिकांश के पीछे सबसे बड़ा कारण यह मिलता है कि लक्ष्य निर्धारण विद्यार्थी द्वारा स्वयं अथवा उसकी शैक्षणिक रुचि अथवा व्यक्तित्व की खासियत के अनुरूप न होकर माँ बाप, भाई बहन, समाज अथवा दोस्तों से प्रभावित होकर किया जाता है।

# शिक्षा मंत्री अंबाला में फहरायेंगे ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त** डा. शालीन ने बताया कि 26 जनवरी को पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे, 26 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में संस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति व पीटी शो के तहत विद्यार्थियों व एनसीसी की टुकड़ी ने बेहतर प्रस्तुति देते हुए पूर्वाभ्यास किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य



कार्यक्रमों की रिहर्सल का अवलोकन किया।

पूर्वाभ्यास के दौरान मास पीटी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाईन, डीएवी सोहन लाल गर्ल्ज, एसडीएनएसडी नावल्टी स्कूल व पीकेआर जैन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मास पीटी का पूर्वाभ्यास किया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत दर्शन अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा थीम डांस, ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य, बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भंगड़ा, एसए जैन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों राजस्थानी नृत्य व एमएम मुलाना के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर शिक्षा विभाग से राज कुमार राणा, अमरिन्द्र, गुरदेव, मलकीत व अन्य सम्बधिंत मौजूद रहें।

# कम पानी की लागत की फसलों को अपनाकर किसान दे सकते हैं बहुमूल्य योगदान : नीति नायर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** अटल भूजल सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से हम निरंतर गिरते जा रहे भूजल स्तर की दर को कम करने की कोशिश की जाती है। अटल भूजल योजना के अन्तर्गत जिला करनाल के दो ग्राम पंचायतों डबरकी व शेखपुरा जागीर में राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से उप निदेशक नीति नायर व राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, पंचकूला से कृषि विशेषज्ञ डॉ रिजवी ने मूल्यांकन किया। राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से उप निदेशक नीति नायर ने करनाल ब्लॉक के दो ग्राम पंचायतों डबरकी व शेखपुरा जागीर में टपका सिंचाई वार्ता की और किसानों को ज्यादा पानी मांग वाली फसलों की बजाय कम जल मांग वाली फसलों को बढ़ावा देने पर बल दिया।

# देश का हर नागरिक मनाएगा महा दिपावली उत्सव: सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

जय श्री राम...जय श्री राम के गुंजायनमान नारों से धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र श्रीराम के रंग में रंग गया। यह उदघोष धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की हर गली व माहौल्ले में सुने जा रहे है। आज धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पूरी फिजा भगवान श्रीराम के रंग में रंग गई है। इस फिजा को श्रीराम में रंगने का काम विधायक सुभाष सुधा द्वारा निकाली गई भव्य एवं यादगार श्रीराम शोभा यात्रा ने किया। इस शोभा यात्रा में शहर के हजारों नागरिकों ने शिरकत की और दर्जनों जगह श्रीराम शोभा यात्रा का भव्य और जोरदार स्वागत किया गया।

अयोध्या में 500 सालों के बाद 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से श्रीराम लला की श्रीराम



मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठ्ठा की जाएगी। इस पावन पर्व को लेकर ही थानेसर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को विधायक सुभाष सुधा की तरफ से सेक्टर 17 से श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस श्रीराम शोभा यात्रा का शुभारंभ करने के लिए जैसे ही विधायक सुभाष सुधा सेक्टर 17 में पहुंचे तो हजारों लोगों ने जय श्रीराम, जय श्रीराम के उदघोष से पूरा वातावरण श्रीराम की भक्ति रस से सराभोर कर दिया। यहां पर सबसे पहले श्री भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर सतपाल शर्मा महाराज ने विधायक सुभाष सुधा को तिलक किया और मंत्रोच्चारण के बीच सभी को श्रीराम के नाम से अंकित अंग वस्त्र का धारण करवाया।विधायक सुभाष सुधा ने श्रीराम शोभा यात्रा का शुभारंभ किया और स्वयं श्रीराम के उदघोष से इस यात्रा को आगे बढ़ाया, यह श्रीराम शोभा यात्रा निरंकारी भवन, पुराना बस स्टैंड, रोटरी चौंक, पुराना बाजार, नया बाजार, छोटा बाजार तथा सभी बाजारों से होता हुआ महाराणा प्रताप चौंक, बिरला मंदिर और फिर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर जाकर श्रीराम शोभा यात्रा सम्पन्न हुई।

**शोभा यात्रा**

**8 धर्म नगरी कुरुक्षेत्र रंगी भगवान श्री राम के रंग में, विधायक सुभाष सुधा द्वारा निकाली गई भव्य श्रीराम शोभा यात्रा**

## संपादकीय

# मोदी भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महानायक

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और अयोध्या सारी दुनिया में चर्चा का विषय हैं। मोदी जी विश्व राजनीति के सम्मानित चेहरे हैं। वे भारत के लोगों के मन के महानायक हैं। प्रधानमंत्री आध्यात्मिक अनुष्ठान पर हैं। सारा देश उनकी ओर टकटकी लगाए देख रहा है। उधर अयोध्या में दिक्काल का अतिक्रमण हो रहा है। मोदी जी चमत्कृत करते हैं। विश्व इतिहास में उनके जैसा लोकप्रिय कोई राजप्रमुख नहीं दिखाई पड़ता। दुनिया के किसी भी राजप्रमुख के नाम की ऐसी चर्चा कभी नहीं हुई जैसी मोदी की हो रही है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सारी दुनिया के हिन्दुओं का सपना रहा है। मोदी इस सपने से अयोध्या आन्दोलन के समय से जुड़े हुए हैं। उनके राजनैतिक विरोधी भी हतप्रभ हैं। मोदी भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महानायक हैं। नया इतिहास बन रहा है। अयोध्या ने इतिहास के अनेक प्रिय व अप्रिय प्रसंगों को देखा है। सरयू भूमि इसकी साक्षी है। अयोध्या ने वैदिक काल से लेकर अब तक इतिहास बनते देखा है। अयोध्या सभी घटनाओं की द्रष्टा है और दृष्टि भी है। यही अयोध्या विश्व आकर्षण हैं। वह तथ्य हैं और कथ्य भी हैं। राम लम्बे समय तक चित्रकूट में रहे। चित्रकूट भी प्रत्यक्ष है और दण्डकारण्य भी। सरयू, मन्दाकिनी और गंगा ने श्रीराम को निकट से देखा है।

अयोध्या का नया इतिहास नृत्य मगन है। सब तरफ अयोध्या ही अयोध्या की चर्चा है। जो अयोध्या से बहुत दूर दक्षिण या उत्तर में बैठे हैं उनके अंतर्मन में भी अयोध्या है। अयोध्या सामने है। यही दाएं है। यही बाएं है। अयोध्या सम्प्रति मनमोहनी हो गई है। भारत के अंतस का छंदस बन गई है। वे वैदिक मंत्रों की ऋचा जैसी हैं। ऋचाएं परम व्योम से धरती पर उतरती हैं। ऋग्वेद के ऋषि ने बताया है कि ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं और धरती पर जाग्रत बोध वाले मनुष्यों के हृदय में उतरती हैं। अयोध्या भारत के मन का नया उत्सव और उल्लास बन गई हैं। अयोध्या दिव्य हैं। भव्य हैं। महाकवि तुलसीदास ने 500 वर्ष पहले अयोध्या के गीत गाए थे, "अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन वृष्टि झरि लाई।" अयोध्या को निकट से देखने के लिए आकाश और नक्षत्र भी धरती पर उतर आए हैं। आकाश का शब्द गुण अयोध्या में उतर आया है। तुलसीदास श्रीराम के राज्यारोहण की चर्चा करते हैं, "राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए मिटे सब शोका।" तुलसी कहते हैं, "नभ दुंदुभीं बाजहिं बिपुल गंधर्ब किंनर गावहीं। नाचहिं अपछरा बृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं।" सम्प्रति अयोध्या सबको खींच रही है। काव्य, गीत संगीत बन गई है अयोध्या। अयोध्या हजारों वर्ष प्राचीन वैदिककाल में भी प्रतिष्ठित नगरी रही है। ऋग्वेद में वैदिक काल के राजा इक्ष्वाकु का उल्लेख है। उन्होंने अयोध्या में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार इनकी 19वीं पीढ़ी के बाद मानधाता राजा हुए। उन्होंने अनेक राज्य जीते। मानधाता के बाद उनके पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या के राजा हुआ। उसके 2 पीढ़ी बाद त्रसदस्यु राजा हुए। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद राजा हरिश्चन्द्र अयोध्या के राजा बने। इक्ष्वाकु वंश की 31वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में भगीरथ। फिर अम्बरीश। 60वीं पीढ़ी में दिलीप। दिलीप का पौत्र रघु। कालिदास ने रघुवंश में इनकी चर्चा की। फिर रघु के पुत्र अज। अज के पुत्र दशरथ। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में हुए थे।

# समाज को उच्च आदर्शों के लिए प्रेरित करते हैं श्रीराम

आशीष वशिष्ठ

> "वे अन्त:करण से यह स्वीकार करते थे कि मनुष्य का तन हर किसी को बड़े भाग्य से मिलता हैक, इसका सदुपयोग होना चाहिए। राजा को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे हर मनुष्य अपना पूर्ण विकास कर से। यह कहकर राम अपनी प्रजा को श्रेष्ठ आदर्शों की ओर झुकाना चाहते हैं। वे राज्य में ऐसी व्यवस्था कर चुके हैं, जहां आदमी अपने व्यवसाय के अनुरूप सुख सुविधा का जीवन जी सके; और वे यह भी चाहते हैं कि उनकी प्रजा सदाचरण करते हुए मोक्ष भी प्राप्त करे।
> राम की यह चिंता एक श्रेष्ठ राजा का आवश्यक कर्तव्य है। जो राजा अपनी प्रजा के पूर्ण विकास की व्यवस्था की चिंता नहीं करता, वह प्रजा का प्यार नहीं पा सकता। उसकी शासन व्यवस्था समाज को सुख शांति नहीं दे सकती। राम इस सत्य को अच्छी तरह जानते थे"

**श्रीराम** के नाम के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम जुड़ा है, क्योंकि वह हमेशा मयार्दा का पालन करते रहे। वह एक श्रेष्ठ राजा, आदर्श बेटे, उच्च कोटि के शिष्य, आदर्श भाई और पति थे, जिन्हें युगांतर तक उनके इसी रूप में याद किया जाएगा। पूरा जीवन श्रीराम सत्य, धर्म, दया और मर्यादा के पथ पर चले। इसी कारण उनके राज को राम राज्य कहा गया। हर कोई उम्मीद करता है कि बेटा हो तो राम जैसा, राजा हो तो राम जैसा, चरित्र हो तो राम जैसा। जन कल्याण की दृष्टि से रामराज्य एक आदर्श और संपूर्ण व्यवस्था के रूप में प्रसिद्ध हैं। महात्मा गांधी ने आधुनिक भारत के लिए ऐसी ही शासन व्यवस्था की कामना की थी, जो रामराज्य के अनुरूप हो। राम के चरित्र में राजशाही और लोकतंत्र का अनोखा संगम है। वे मतदान के द्वारा चुनकर राजा नहीं बने थे, लेकिन जनता की इच्छा को जाने बगैर वे कुछ करते भी नहीं थे। वे अपने स्वार्थों के लिए प्रजा की इच्छा की अवहेलना कभी नहीं करते थे। इसी आदर्श को ध्यान में रखकर राम ने प्राणों से प्यारी धर्मपत्नी सीता का परित्याग किया था, व्यक्तिगत कष्ट सहकर भी राजा का दायित्व निभाया था।

राम कुर्सी को लपकने के लिए कभी उतावले नहीं रहे, इसलिए कुर्सी की कमजोरियां उन्हें बांध नहीं पायीं। वे आश्वासन बेचते नहीं फिरते थे। जो कहते थे, करते थे। प्रजा ही नहीं, अपने परिवार का भी उन्होंने अखंड विश्वास प्राप्त किया था। वे सबके दिलों में गहरे बैठे हुए थे। मनमानी करने की उन्हें छूट थी, लेकिन वे राज्य नियमों की मयार्दा से हमेशा जुड़े रहे।

चौदह वर्ष का वनवास के बाद राम को सिंहासन मिल रहा था। लेकिन वे अधीर और असंयत नहीं हुए। उन्हें अपनी चिंता बहुत कम थी। सबसे पहले राम ने अपने सेवकों को आज्ञा दी कि वे जाकर सुग्रीव आदि मित्रों को स्नान कराएं। इसके बाद राम ने भरत को बुलाया और अपने हाथों से उसकी जटाओं को सुलझाया। सिंहासन मिलने के बाद केवल प्रजा ही नहीं, देवताओं आदि ने भी राम की स्तुति गायी। वेदों और शिवजी ने भी प्रभु की वंदना की। राम को इतना मान-सम्मान मिला, लेकिन वे इससे फूलकर अपने विवेक को नहीं खो बैठे। अपने कर्तव्य की याद उन्हें बनी रही। जैसे ही महादेव



गये, प्रभु ने अवकाश पाकर पहला काम यह किया कि लंका से आये अपने मित्रों के लिए अच्छे आवास की व्यवस्था करायी। राजा के रूप में राम की यह प्रथम आज्ञा थी। जिन्हें केवल राम का भरोस है, उनकी देखभाल के लिए प्रभु सबसे पहले चिंतित हुए। प्रायः कुर्सी पाते ही राजा अपने बारे में अधिक व्यग्र हो जाता है, उसे अपने लिए सुंदर निवास की चिंता होती है। लेकिन राम की वृत्ति अपने बारे में सोचने की नहीं थी। राजा बनकर राम ने प्रजा की ओर ध्यान दिया और एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना की। सभी लोग अपनी मयार्दा में रहने लगे। मनुष्य, जीव-जन्तु और प्रकृति के बीच में राम ने समन्वय स्थापित किया। मनुष्य सदाचारी बनें, जीव-जन्तुओं ने अपनी पशुवृत्ति को संयत किया और प्रकृति सदा फलने-फूलने वाली बन गयी। समाज में दूषण न होने के कारण प्रकृति में प्रदूषण की समस्या भी नहीं थी। सभी का जीवन सहज और संयत था। कोई किसी से वैर नहीं करता। राम के प्रताप से सारी विषमताओं का अन्त हो गया है।

इन विषमताओं को समाप्त करने के लिए राम ने कोई जादू नहीं किया था। सहयोग, सलाह और समन्वय की नीति अपनाकर राम ने यह उपलब्धि पायी थी। सबको सम्मान देकर अपने लिए सम्मान प्राप्त किया था। वे सबके सहयोग से निर्णय लेने में विश्वास करते थे। वे समन्वय के पक्षधर थे, अपने किसी आचरण से अलगाव या भेद नहीं उत्पन्न करना चाहते थे। बहुत ही स्पष्ट ढंग से राम मानवीय आदर्शों की विवेचना करते हुए कहते हैं कि सबसे बड़ा धर्म हैकृ दूसरों के कल्याण के लिए काम करना। वास्तव में, मनुष्य के जीवन को मर्यादित करने का यह अनूठा सिद्धानत है। यदि आप दूसरे की भलाई करेंगे तो आपकी भलाई होगी ही!

जो दूसरों की प्यास बुझाता है, वह स्वयं प्यासा नहीं मर सकता। लेकिन जो दूसरों को प्यासा रखता है, उसके तड़प-तड़पकर मरने की संभावना अधिक होती है। दूसरों को कष्ट देने से बड़ी नीचता और कुछ और नहीं हो सकती। इस नीचता से आदमी रामराज्य में बचा था। उसे हर युग में इससे बचना चाहिए। दूसरों का दुख पहुंचाकर क्षणिक सुख भले ही मिले, पर मानसिक संतोष नहीं मिल सकता। राम राजा के रूप में अपने श्रेष्ठ आचरण से पूरे समाज को उच्च आदर्शों के लिए प्रेरित करते हैं। राम का चरित्र दोमुंहा नहीं है। मंच पर प्रजा के लिए आंसू बहाकर घर में रंगरेलियां मनाने की मंशा उन्होंने कभी नहीं की। राजा के रूप में उनका जीवन प्रजा के लिए पूर्ण समर्पित था।

वे अन्तःकरण से यह स्वीकार करते थे कि मनुष्य का तन हर किसी को बड़े भाग्य से मिलता हैक, इसका सदुपयोग होना चाहिए। राजा को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे हर मनुष्य अपना पूर्ण विकास कर से। यह कहकर राम अपनी प्रजा को श्रेष्ठ आदर्शों की ओर झुकाना चाहते हैं। वे राज्य में ऐसी व्यवस्था कर चुके हैं, जहां आदमी अपने व्यवसाय के अनुरूप सुख सुविधा का जीवन जी सके; और वे यह भी चाहते हैं कि उनकी प्रजा सदाचरण करते हुए मोक्ष भी प्राप्त करे।

राम की यह चिंता एक श्रेष्ठ राजा का आवश्यक कर्तव्य है। जो राजा अपनी प्रजा के पूर्ण विकास की व्यवस्था की चिंता नहीं करता, वह प्रजा का प्यार नहीं पा सकता। उसकी शासन व्यवस्था समाज को सुख शांति नहीं दे सकती। राम इस सत्य को अच्छी तरह जानते थे। इसीलिए उन्होंने अपनी प्रजा की लौकिक और पारलौकिक जिन्दगी संवारने के लिए व्यावहारिक प्रणाली की रचना की। इसीलिए आज भी हर कोई रामराज्य की कामना करता है। जिस लोककल्याणकारी राज्य का शोर हम सुनते है उसकी अवधारणा भी हमें राम ने ही दी है। वंचित, शोषित, वास्तविक जरूरतमंद के साथ सत्ता का खड़ा होना राम राज की बुनियाद है। वह राज्य में धनियों से अधिक कर वसूलने और निर्धनों को मदद की अर्थनीति का प्रतिपादन करते है। आज की सरकारें भी यही कहती है। वर्तमान राजनीति के सर्वाधिक सुविधाजनक शब्द है दलित आदिवासी। इस वर्ग की जन्मजात प्रतिभा प्रकटीकरण के प्रथम अधिष्ठाता राम ही है। अवध नरेश का राज पूरे भारत तक फैला था वह अगर चाहते तो अपनी शाही सेना के साथ भी रावण से युद्ध कर सकते थे। दूसरे राजाओं से भी सहायता ले सकते थे। लेकिन राम ने वनवासियों के साथ उनकी अंतर्निहित सामरिक शक्ति के साथ रावण और दुसरे असुरों से संघर्ष करना पसंद किया। वनवासियों, दलितों के साथ पहली शाही सेना बनाने का श्रेय भी हम राम को दे सकते है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन, उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्रोत हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम एक आदर्श के रूप में हर व्यक्ति के दिलों में विद्यमान हैं। वास्तव में, श्रीराम भारत की चेतना का शाश्वत आधार है। ठीक वैसे ही जैसे दही में नवनीत समाहित है। जिस अंतिम छोर तक राम लोगों को प्रेरित करते है वही राम की वास्तविक अक्षुण्य शक्ति भी है। हमें श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने चाहिए और एक बेहतर समाज और आपसी सद्भाव का वातावरण बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जहां सबके लिए विकास और उन्नति का साधन हो।

## कविता

किसी की भूख किसी की प्यास अभी
बाकी है
देखता हूं डूबतों को तिनके की आस बाकी है
जालिमों और शैतानों के जुल्म से जो परेशान
हैं
उनको अब भी पैगंबरों पर यकीन बाकी है
धर्म को छल लिया मिलकर झूठ के ठेकेदारों ने
कुबार्नी के बकरे को खुदा से रहम की आस
बाकी है
कुदरत के कहर से तो कयामत आए ना आए
पर इंसान के हाथों से धरा का नाश होना बाकी
है
दिलों से रहम और मोहब्बत मिट रही है लोगों
के
जमीर तो मर गया कब का बस लाश होना
बाकी है
खुदा ने रास्ता सबके लिए बनाया एक ही था
भटक कर जो खो गया वापस आना बाकी है
जान तो लिया इंसान ने कुदरत के छुपे राजों
को
मगर खुद को भी समझ लेना अब भी बाकी है
तू कुछ समझा या ना समझा हो "अक्स"
लेकिन
धर्म और न्याय सिर्फ शैतानों के हाथ की लाठी
है

असद खान

# साड़ी है सृष्टि का सार

रामविलास जांगिड़

**साड़ी! यह** केवल शब्द ही नहीं बल्कि सृष्टि का सार है। बिन साड़ी संसार असार है। साड़ी है कि नारी है। नारी है कि साड़ी है। साड़ी विच नारी है, कि नारी विच साड़ी है। यही चक्रव्यूह पूरे संसार को नचा रहा है। पति लोगों के लिए साड़ी एक अमृत है। अलादीन का चिराग है। नियम, कानून, संविधान है। जिस पति ने साड़ी के रहस्य को जान लिया उसने सारे संसार को जीत लिया है। साढ़े पांच मीटर के इस कपड़े को लपेट-लपेट कर खुद पर टांगना और सुंदर लगने की शर्त के साथ इठलाना कोई कम जादू नहीं है। धोने में सबसे मारक। चरक लगाओ तो पसीने छूट जाए। प्रेस करो तो नानी याद आ जाए। मेचिंग की जुगाड़ में आठ दिन कम पड़ जाए। खरीदो तो बाजार सात समंदर डोल जाए। पति उजबक सा झोल खाए। शोरूम पर लटकती साड़ियां हमेशा ही लुभाती हैं। घर में कित्ती ही अलमारियां भरी पड़ी है साड़ियों की। और कित्ती साड़ी लोगी! इ...त्ती!! पुरानी फेंकती नहीं, नई खरीदी जाती है। घर गोदाम बन गया है। पर साड़ियों के लिए जंग जारी है। साड़ी की दुकान पर जाते ही पत्नी श्री साड़ी अभियान में डट जाती है। रेशमी, सूती, जॉर्जेट, शिफॉन, क्रेप, लिनन, जूट साड़ियों की परेड कराई जाती है। पल्लू, बॉर्डर, पैटर्न, कढ़ाई, जरी, कांता के स्वर बिखर रहे हैं। साड़ी की शैलियां पत्नी श्री के आगे नृत्य कर रही है। पति बेचारा उपेक्षित! कोने में गठरी बनकर सड़ा है। पत्नी साड़ियां बिखरवाती है। भैया वो दिखाना! कांजीवरम! हां यही चाहिए। नहीं! ये ज्यादा बढ़िया नहीं है। वो दिखाओ! हां वही बनारसी साड़ी! इस पर तो सोने-चांदी की जरी भी ठीक नहीं है। ये पटोला साड़ी दिखाओ! इसमें तो रेशम के धागे ही निकल रहे हैं। हकोबा साड़ी, चंदेरी साड़ी, महेश्वरी साड़ी! दिखाते जाओ! दुकानदार बेचारा दिखाता जा रहा है। पति मरे उल्लू सा मुस्कुराता जा रहा है। महेश्वरी साड़ी! इसमें तो 200 काउंट के धागे मात्र हैं। फिर ये मोटे भी हैं। एक काम करो वो बोमकई साड़ी दिखाओ। पत्नी की उंगलियों पर साड़ियां, दुकानदार और पतिदेव तीनों एक साथ शास्त्रीय नृत्य कर रहे हैं। अरे हां वही जो ऐश्वर्या राय ने अपनी शादी में पहनी थी। छोड़ो इसे! मशीन की बनी दिख रही है। ये राजस्थानी बंधेज वाली बताओ। बंधेज का रंग छूट रहा है इसमें! वो टस्सर वाली! इसमें सिल्क का बेकार काम है। फिर डिजाइन भी पुरानी है। वो कांथा साड़ी निकालिए! वही जो सबसे ऊपर वाली रैक में पड़ी है! पैठनी, जामदानी, बालूछरी! कांथा टंगैल! इसके बॉर्डर और पल्लू पर कुछ खास काम नहीं है! वो! नव्वारी पातल! धनियाकली! फुलकारी! संबलपुरी! दिखाओ तो! साड़ियां दिखाई जा रही है। हर साड़ी को फैलाया जा रहा है। साड़ियों के ऊपर-नीचे! दाएं-बाएं! आगे-पीछे! दुकानदार मरा हांप रहा है। साड़ी के पहाड़ पर पत्नी श्री पताका फहरा रही है। ये ठीक नहीं है। इसका प्रिंट छोटा है। इसका बॉर्डर कुछ खास नहीं! इसका पल्लू तो बेकार है! ये कुछ काम की भी नहीं!

## विचार

# नीतीश: चौबे जी छब्बे जी बनने चले दुबे बनकर रह गए

भीष्म कुकरेती

**भारत** में दो राजनीतिज्ञों को पत्रकारों ने अनावश्यक महत्व दिया। दोनों को चाणक्य नाम दिया गया। दोनों को नीतिज्ञ नाम दिया गया। दोनों की ऐसी महिमा मंडन हुआ जैसे प्रत्येक राजनीतिज्ञ हेतु ये राजनीतिज्ञ अनुकरणीय हों। पत्रकारों द्वारा अनावश्यक महिमा मंडित ये राजनीतिज्ञ हैं नीतीश कुमार और शरद पवार। इन दोनों बेकार के नाम ने बार बार अपने आधारिक दल व सहयोगी दलों को धोखा दिया। दोनों को चाणक्य बोलना वास्तव में महान नीतिज्ञ का अपमान है। ना तो पवार ना ही नीतीश कुमार के दल ने अपने राज्य में अकेले चुनाव जीता ना ही अकेले शासन किया सदा दूसरों के कंधे पर राज करते रहे। नीतीश कुमार की राजनीती भारतीय जनता पार्टी के कंधो पर ही चलती रही। सन 2014 में जब नरेंद्र मोदी को भाजपा ने प्रधान मंत्री पद हेतु चयनित किया तो नीतेश कुमार ने एनडीए को छोड़ दिया और केवल २ सीट जीत सके। पुनः जब भाजपा का साथ मिला तो २०१९ में १६ सीट लोक सभा की जीतीं। विधान सभा में भाजपा के साथ चुनाव लड़ा दलों ने बहुमंत प्राप्त किया। किन्तु नीतीश कुमार को उनके वास्तविक गुण धोखा देने ने उन्हें उकसाया या उनके सहयोगियों ने उकसाया कि नीतीश कुमार तो प्रधान मंत्री या जय प्रकाश नारायण के लिए इस जग में आये हैं। उनको बिन परिश्रम के (जैसे देवगौड़ा या गुजराल ) प्रधान मंत्री पद पाने के कीड़े ने इतना काटा कि नीतेश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़ा और चिर विरोधी व धोखा देने में साडु भाई लालू के साथ हो लिए।

अब जो राजनीतिज्ञ अपने बल पर बिहार का मुख्य मंत्री न बन सका हो वह अपने बल पर प्रधान मंत्री पद पर कैसे दावा थोक सकता था ? जिस फिसड्डी मुख्य मंत्री ने बिहार की आर्थिक स्तिथि सुधार में कोई योगदान न दिया हो व अकेले किस मुंह से प्रधान मंत्री पद का दावा ठोकता ? जिस अयोग्य राजनीतिज्ञ को मुख्य मंत्री रहते यह पता न हो कि प्रदेश में किस तरह आजीविका वृद्धि की जाय व किस मुंह से अकेले प्रधान मंत्री के पद हेतु जनता के सामने खड़ा होता ? जिस अकुशल राजनीतिज्ञ को पता ही न हो कि एक बीमारू राज्य तै पुष्ट राज्य कना बणान तो नीतेश कुमार तै ज्ञान है कि भारत तो छोडो बिहारी भी नीतेश पर भरोसा नहीं करेंगे। विकास ? जिस राजनीतिज्ञ को विकास की स्पेलिंग नहीं हो पता व भारत का विकास करेगा ?

नीतेश कुमार अपनी हीनता जानते थे। तो उन्होंने जय प्रकाश बनने की सोची कि जय प्रकाश नारायण ने जैसे सब राजनीतिक दलों को इंदिरा विरुद्ध लाम बंध किया था और नीतेश कुमार चले भाजपा विरोध की घंटी बजाने। भारत में केजरीवाल को छोड़ प्रत्येक प्रदेश में पारिवारिक दल हैं जो भाजपा के शक्तिशाली होने से अपने परिवार के प्रभुत्व अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनके लिए भाजपा या मोदी हटाना इसलिए आवश्यक नहीं कि मोदी भारत के लिए हानिकारक है अपितु इनका डर है कि भाजपा के रहते इनके अकर्मण्य पुत्र , मूर्ख पुत्र, मूढ़ भतीजा , आलसी साला कैसे गद्दी संभालेंगे ? इन दलों को परिवार की पड़ी थी कि इनको नीतेश कुमार तिनके का सहारा मिल गया। जिस तरह से जल में तिनकों पर चींटियों या कीड़ी इकट्ठा तैर लेते हैं वैसे ही नीतीश जैसे अकर्मण्य , अदूरदर्शी मुख्य मंत्री के आस पास परिवारवादी दल इक्क्ठा हो चले व साथ में इस शताब्दी का श्रेष्ठ अवसरवादी नेता केजरीवाल भी संग हो चला। नीतेश कुमार ने सोचा होगा कि पहले लोकनायक जयप्रकाश नारायण बना जाय तो सब उन्हें मोरार जी देसाई या देव गौड़ा तो बना ही देंगे। परिवारवादी तो तिनके की बाट जो रहे थे कि एक बार प्लेटफार्म तो मिले। जैसे ही प्लेटफार्म मिला कि शताब्दियों के श्रेष्ठ लालची परिवारवादी दल नीतेश को ही भूल गए यहां तक कि स्तालियन ने तो अपमान करने हेतु नीतेश को समझने हेतु अनुवादक की मांग कर डाली। कॉंग्रेस जिस पर नीतेश को पूरा भरोसा था ने भी नीतेश का अपमान किया। जब वीडिओ कॉफिडेंसिंग में सोनिया ने नीतीश को संयोजन बनाने की बात छेड़ी तो हजारो किलोमीटर यात्रा के कारण अर्ध चतुर हो चुके राहुल ने अड़ंगा डाल दिया कि ममता जी को भी पूछना आवश्यक है।

उधर राष्ट्रीय स्तर पर ना संयोजक ना ही प्रधान मंत्री पद के उमीदवार की बात परिवारवादी घाघ दिगज्जों ने की इधर पटना में नीतेश को पता चला कि उनके दल जेडीयू को तो लालू यादव हथियाने वाले हैं तो नीतीश कुमार को दिन में ही तारे दिख गए। अब मीडिया में कई प्रकार के जनप्रवाद प्रसारित होने लगे हैं कि नीतेश को यदि जेडीयु बचाना है तो भाजपा के पाले में जाना आवश्यक हो गया है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# शिक्षा, संस्कार और साक्षरता

संजीव

**शिक्षा** और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है।

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा' शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं' शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है' जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है' साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है' साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है' शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है' ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है' सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है' ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए' शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है। जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है।

# नेह निमंत्रण भेज रहा हूँ, प्रियवर तुम्हे बुलाने को...

-सूर्यदीप कुशवाहा

**प्रियवर** विपक्षी दलों को निमंत्रण भेजा जा चूका है। मीडिया में खबरें उड़ाई गईं। उन्हें निमंत्रण पत्र की मुँह दिखाई नहीं हो सकी। लेकिन ढीमकाना पार्टी अपनी प्राण -प्रतिष्ठा के लिए नहीं शामिल होगी। अपनी साख भी बचानी है तो बचकानी हरकत करनी पड़ेगी। बस मीडिया ही बैंड-बाजा बजा कर रोका की रश्म अदा करती दिखी। बस फलाने पार्टी द्वारा जनता में अक्षत बांटा गया। लेकिन जनता का दुःख न बांटा गया। दुःख भंजन की दुर्गन्ध तो आँख में धार्मिक अंजन और लगा दिया धामी नामी मंजन। गाँव में भी शुभ अवसरों के निमंत्रण को अस्वीकार करने की कथाएं प्रचलित हैं। गड़े फसाद को उखाड़ने से ऐसी नौबत आ जाती है। भई यह तो राजनीतिक दल ही है।


अलग -अलग दल हैं तो दलदल-सा माहौल रहेगा। परम् चार पीठ भी ढीठाई से नाराज हैं। उनके हिसाब से यह नहीं काज है। वह भी निमंत्रण पाकर भी दूर हैं। हौले -हौले माहौल प्रतिष्ठा का बन गया है। होना भी प्राण- प्रतिष्ठा है। सुबह -शाम और रात भक्तिमय शांति है। लेकिन मीडिया में अशांति है। चीखते एंकर-एंकरनियां और माहौल में तमोगुण विद्यमान है। जबकि यहाँ सतोगुण और रजोगुण होना चाहिए। भई! कहने का मतलब, "सतोगुण में देव, रजोगुण में मनुष्य और तमोगुण में असुर आते हैं।" भक्ति केवल एक मार्ग है आराध्य तक पहुँचने का।

और बकैती से कोई भी श्रेष्ठ नहीं हो जाता। जिस मार्ग से सिद्धि मिले वही श्रेष्ठ है। इस मार्ग से भी इष्ट प्राप्ति है तो मार्ग उपयुक्त है। आपके मार्ग को चुन लेने से वह मार्ग श्रेष्ठ और दूसरे का निम्न कोटि का नहीं हो जाता।

साधु होने मे और साधु बनने में बड़ा फर्क है। इष्ट भाषा नहीं, भाव को पसंद करता है। वह मौन की भाषा भी समझता है। जो पहली नजर में कठिन लगता है, वास्तव में जटिल समस्याओं को सरल बनाता है। भक्ति का नेह निमंत्रण भेज रहा हूँ, प्रियवर तुम्हे बुलाने को, भूल न जाना राजहंस में आने को।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा नेता सतीश नंबरदार ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर रामबाग परिसर व मंदिर में चलाया सफाई अभियान



**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व देश के सभी मंदिरों में सफाई करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूर्व मंत्री स्वर्गीय मांगेराम नंबरदार के पुत्र भाजपा नेता सतीश नंबरदार ने कार्यकर्ताओं के साथ रामबाग परिसर व रामबाग स्थित मंदिर में सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत मंदिर परिसर व मूर्तियों की साफ सफाई की गई । मंदिर में सफाई करते हुए भाजपा नेता सतीश नंबरदार ने कहा कि 500 वर्षो की तपस्या के बाद श्रीराम लला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। सतीश नंबरदार ने कहा कि देश में राम राज्य की स्थापना हो रही है और ये देश राम राज्य से ही चलेगा। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। भगवान श्रीराम को दुनिया में एक आदर्श पुत्र के रूप में माना जाता है, और अच्छे गुणों के प्रत्येक पहलू में वे श्रेष्ठ प्रतीत होते है। उन्होंने जीवन भर कभी झूठ नहीं बोला। उन्होंने हमेशा विद्वानों और गुरुजनों का सम्मान किया। उन्होंने लोगों को बहुत प्रेम और सत्कार दिया। परिवार के हर सदस्य ने भी उनको बेहद प्यार और सम्मान दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता सतीश नंबरदार ने आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र के निवासी 22 जनवरी का दिन दीपावली की तरह मनाते हुए अपने घरों में भजन कीर्तन व भगवान श्री राम की आरती करें और अपने घरों पर दीप जलाकर यह ऐतिहासिक दिन दीपावली की तरह मनाए। भाजपा नेता सतीश नंबरदार ने कहा कि 22 जनवरी का ऐतिहासिक दिन इतिहास के के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। सफाई अभियान में राहुल राठी ,एडवोकेट गौरव राठी सहित कई कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।

### महिंद्रा ने नई सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज के लॉन्च की घोषणा की



**हिसार।** भारत में स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) के बाजार में अग्रणी, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने गर्व से नई सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज के लॉन्च की घोषणा की है, जो डीजल और सीएनजीडुओ दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। सुप्रो प्लेटफॉर्म की सफलता के आधार पर प्रॉफिट ट्रक एक्सेल रेंज अपनी जोरदार ताकत, जबरदस्त स्टाइल, बेजोड़ सुरक्षा और आराम के साथ लास्ट-मील कनेक्टिविटी के लिए डिजाइन किया गया है। सुप्रो, शुरूआत में 2015 में लॉन्च किया गया था, जो ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले एक हरफनमौला प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। प्रतिस्पर्धी कीमत पर सुप्रोप्रॉफिट ट्रक एक्सेल का मूल्य इस प्रकार है - डीजल संस्करण की कीमत ?6.61 लाख (एक्स-शोरूम दिल्ली) और उठॠउ्वड वेरिएंट की कीमत ?6.93 लाख (एक्स-शोरूम दिल्ली) है। ब्रांड की छह गुना वृद्धि में योगदान देने वाले सुप्रो सीएनजीडुओ की सफलता के बाद नया सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल कई इंजन और ईंधन विकल्पों, मॉर्डन स्टाइल, बेहतरीन सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सुविधाओं के साथ हरफनमौला प्लेटफार्मों की पेशकश करने के लिए महिंद्रा की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।
महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड में ऑटोमोटिव डिवीजन के सीईओ नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा, 'हमारे राइज दर्शन का एक पहलु 'राइज फॉर वैल्यू' हमारी नवीनतम पेशकश महिंद्रा सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल में समाया हुआ है। यह लॉन्चिंग हमारी सब-2-टन सेगमेंट में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, जो व्यवसायों को सशक्त बनाने और भारत में लास्ट-मील कनेक्टिविटी को बदलने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एमएंडएम के ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के प्रेसिडेंट आर. वेलुसामी ने कहा, 'हमारे प्रसिद्ध सुप्रो प्लेटफॉर्म से निकला सुप्रो प्रॉफिट ट्रक एक्सेल, तकनीकी उत्कृष्टता के लिए महिंद्रा की अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्नत 5-स्पीड ट्रांसमिशन है, जो बहुत मजबूत है। स्टेबिलिटी के लिए बढ़ी हुई मोटाई और 19% अधिक कठोरता के साथ चेसिस और एक एंटी-रोल बार है, जो सुरक्षा में नए मानक स्थापित करता है।

# 'पिछले 9 वर्षों से अंबाला में विकास कार्यों की लगी बाढ़'

## 22 जनवरी को सभी रामभक्त मंदिरों व घरों में दीवाली की तरह दीप जलाएं -विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में अम्बाला छावनी में निरंतर विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। अम्बाला का एक भी ऐसा कौना नहीं है जहां पर विकास नहीं हुआ हो, सभी जगहों पर विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। लगभग 150 धर्मशालाएं बनाई गई है जिनमें लोग अपने सामाजिक कार्य शान से कर सकते हैं। इन धर्मशालाओं में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज वार्ड नम्बर 31 के तहत बीसी बाजार अम्बाला छावनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यहां पहुचें थे और यह अभिव्यक्ति उन्होने अपने सम्बोधन में कही। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने फूल-माला पहनाकर गृहमंत्री का भव्य अभिनंदन किया।
गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा ऐसी अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई है जिससे जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलवाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। उन्होंने यहां पर लगाए गये स्टालों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा साईंस से सम्बन्धित जो उपकरण एवं प्रोजैक्ट बनाए गये थे, उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि साईंस का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हीं देशों ने तरक्की की है जिन्होने साईंस को पढ़ा है, साईंस से छोटे से छोटे देश जैसे इजराईल, जापान व अन्य हैं जिन्हें आज एक ताकत के रूप में माना जाता है। उन्होने स्वयं साईंस से ग्रैजुएशन की है।



**विकास कार्य**

> 8 सभी जगहों पर विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। लगभग 150 धर्मशालाएं बनाई गई है

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के दुख-दर्द को समझते हैं। इसी प्रकार हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। पूर्व की सरकारों में विकास कार्यों के साथ-साथ योजनाओं से सम्बन्धित जो धनराशि उपर से भेजी जाती थी उसका कुछ ही हिस्सा लाभार्थी को मिलता था, बाकी का कुछ पता नहीं होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसी योजनाएं क्रियान्वित की हैं कि जिससे लाभार्थी के खाते में सीधा पैसा पहुंचता है, एक नया पैसा भी कोई नहीं निकाल सकता। सारा कार्य पारदर्शी तरीके से हो रहा है। देश में 30 करोड़ लोगो व हरियाणा में एक करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना /चिरायु योजना के तहत लाभ देने का काम किया गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, किसान समृद्धि योजना, जन धन योजना व अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता से मिल रहा है।
गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि अम्बाला छावनी में विकास का पहिया निरंतरता में जारी है। विकास कार्यों के तहत उत्तर भारत का सबसे बेहतरीन नागरिक अस्पताल यहां बनाया गया है। इस अस्पताल में रोजाना 3000 से अधिक लोग इलाज के लिये आ रहे हैं। यहां पर अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं, इनमें से कुछ तो पीजीआई से भी बेहतर हैं।

### शहरवासियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया

**सोनीपतः** केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से प्रत्योक पात्र शहरवासी को लाभान्वित करने के लिए शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सोनीपत शहर के सुभाष चौक तथा रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां शहरवासियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनंसवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे मसीहा हैं। मोदी-मनोहर के नेतृत्व में देश-प्रदेश में गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई हैं, चाहे बेहतर स्वास्थ्य, रहने को मकान, शिक्षा और रोजगार की योजनाएं हों, इन सब प्रयासों के फलस्वरूप गरीबों व जरूरतमंदों को बहुत लाभ हुआ है। केंद्र व प्रदेश सरकार के पिछले साढ़े 9 वर्षों के कार्यकाल में गरीबी दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जितने विकासात्मक कार्य हुए हैं, उतने शायद ही पहले कभी हुए हों।

## नेत्र जांच शिविर में 125 रोगियों की हुई जांच



**पानीपत/कमाल हुसैन**
अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर आयोजित शोभा यात्रा के निमंत्रण के लिए एमएएसडी स्कूल का छात्र शैलेश्वर शर्मा अपनी साइकिल यात्रा पर जिला वासियों को निमंत्रण देने के लिए निकला है। उसके साथ अन्य बच्चे भी इस साइकिल यात्रा का हिस्सा बने हैं। इस साइकिल यात्रा को शनिवार को करना लोकसभा सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और एडीसी वीना हुड्डा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद संजय भाटिया के साथ-साथ अन्य सभी ने इन बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के अंदर भगवान बसते हैं और ये बच्चे निस्वार्थ भावना के साथ इस शोभा यात्रा का हिस्सा बनने जा रहे हैं जो कि हम सबके लिए गर्व की बात है।

## समालखा के गीता स्कूल ने बच्चों संग निकाली श्रीराम शोभायात्रा

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को समालखा के जौरासी रोड स्थित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने बच्चों संग श्रीराम शोभायात्रा निकाली। श्रीराम की भव्य झांकी में छठी कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुए जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा समालखा जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।
गीता स्कूल की इस भव्य झांकी में राम,लक्ष्मण,सीता व हनुमान का स्वरूप धारण किए हुए बच्चे बड़े ही सुंदर लग रहे थे, जिन्हें रथ पर सवार किया गया। स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा,मुख्य अध्यापिका



अनीता धीमान,प्राचार्य जितेंद्र उत्तम व रमेश वत्स ने राम लक्ष्मण सीता व हनुमान बने हुए बच्चों को तिलक लगाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया,जो गीता स्कूल से आरंभ होकर रेलवे स्टेशन तक निकाली गई।
श्रीराम शोभायात्रा में शामिल स्कूल के सभी बच्चें हाथों में पीले ध्वज फहराते हुए श्रीराम का जयघोष कर करते हुए व भगवान राम के भजनों को गाते हुए सभी झूमते हुए दिखाई दिए। स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने सभी विद्यार्थियों को श्री राम की तरह आदर्शवादी बनने की अपील करते हुए संदेश दिया कि हमें भी भगवान श्री राम के पद चिन्हों पर चलना चाहिए व उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।
सदैव अपने से बड़ो का सम्मान करें। प्राचार्य रमेश वत्स ने बताया कि गीता स्कूल के करीब 500 बच्चों ने इस भव्य झांकी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। शोभायात्रा में सुषमा त्यागी, सुषमा रोहिल्ला, अनीता धीमान, अनुषा, सतवंती, सीमा सचदेवा, पूजा बेनीवाल, पूजा जांगड़ा, कविता, मोनिका भारद्वाज, सविता, सीमा शर्मा, रीना, अनू सोनिया, मुक्ता मल्होत्रा, नीरू धीमान, कोमल, रवि शास्त्री, नरेंद्र कुमार, सोहनलाल, मीनू, परवीन, रजनी, विवेक शर्मा, संदीप, रविंदर आदि अध्यापकगणों ने हिस्सा लिया।

## शोभा यात्रा के दृष्टिगत तैयारियों का लिया जायजा

**पानीपत/कमाल हुसैन**
रविवार को निकलने वाली शोभा यात्रा के द्दष्टिगत करनाल लोकसभा के सांसद संजय भाटिया ने उपायुक्त डॉ0 वीरेन्द्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, भाजपा की महामंत्री डॉ0 अर्चना गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्टद्द, एडीसी वीना हुड्डा व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रूट का दौरा कर आवश्यक प्रबन्धों का जायजा लिया।
सांसद संजय भाटिया ने कहा कि यह हम सब के लिए ऐतिहासिक पल है कि 22 जनवरी को अयोध्या



में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठद्दा हो रही है। श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठद्दा के द्दष्टिद्दगत रविवार को सायं 04 से 08 बजे तक स्काई लार्क टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स से लेकर डेरा बाबा जोध सचियार तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इस शोभा यात्रा में जिस तहर से सभी संस्थाओं ने बढद्द-चढकर भाग लिया है, वह हम सब के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि इस शोभा यात्रा में विश्व प्रसिद्ध सूफी गायक कैलाश खेर अपनी गायकी से समां बान्धेंगे।

## करोड़ों देशवासियों की आस्था का प्रतिबिंब है श्रीराम मंदिर : अमित बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित बिंदल ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों देशवासियों की आस्था का प्रतिबिंब है और अब देश की धार्मिक व आर्थिक समृद्धि का भी प्रतीक बनेगा। राम मंदिर का निर्माण पूरा होना किसी सपने के पूरा होने जैसा है। इससे देशवासी उत्साहित हैं। अमित बिंदल ने समर्थकों के साथ विधानसभा जींद में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा निकाली, जिसमें अनेकों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान श्रीराम के जयकारे लगाए गए। अमित बिंदल ने कहा कि वे हर विधानसभा क्षेत्र में आमंत्रण यात्रा निकालकर लोगों को श्रीराम मंदिर निर्माण का साक्षी बनने का आमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान सभी देशवासी 22 जनवरी को दिवाली के रूप में मनाएंगे। हर घर में दीप जलाए जाएंगे।



# सेबी अध्यक्ष ने लॉन्च कीं सीडीएसएल की बहुभाषी पहलें

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ने अपने रजत जयंती वर्ष के मौके पर पूंजी बाजार में समावेश और पहुंच बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के मद्देनजर दो अनोखी बहुभाषी पहल शुरू करने की घोषणा की।इन पहलों को सेबी की अध्यक्ष, श्रीमती माधबी पुरी बुच ने 17 जनवरी 2024 को आयोजित रजत जयंती समारोह में लॉन्च किया। सीडीएसएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, नेहल वोरा ने रजत जयंती कार्यक्रम के मौके पर कहा, ह्लहम अपनी अविश्वसनीय यात्रा के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं और ऐसे में सेबी अध्यक्ष को सीडीएसएल की महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ करते देखना हमारे लिए सम्मान की बात है। हमारे समावेश संबंधी मूल मूल्य पर आधारित, ये नए लॉन्च हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। समावेशी विश्वास वह प्रेरक शक्ति है जिसे हम रजत जयंती से शताब्दी समारोह तक के सफर में सीडीएसएल की मूल भावना के रूप में देखते हैं।
सीडीएसएल ने निवेशक कैस से जुड़ी एक नई क्रांतिकारी पहल की शुरूआत की है, जिससे निवेशकों को 23 विविध भारतीय भाषाओं में से अपनी पसंदीदा भाषा में अपने जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सीडीएसएल की वेबसाइट पर एक अनोखा बहुभाषी चैटबॉट; 'सीडीएसएल बडी सहायता 24*7' है, जिसका उद्देश्य है, निवेशकों की 'आत्मनिर्भरता' या आत्मनिर्भरता की यात्रा को सरल बनाना। फिलहाल, शुरूआत में चार भाषाओं में सहायता प्रदान कर यह चैटबॉट एक निरंतर साथी बन जाता है, जो हमारे प्रतिभूति बाजारों की बारीकियों के जरिये निवेशकों को चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करता है।

### खेलों से शारीरिक मजबूती के साथ मन भी सेहतमंद होता है : बृज शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा ने कहा कि खेलों से शरीररिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेलों का स्वरूप बदलता जा रहा है। करनाल में भी अब विदेशों में खेले जाने वाले खेल लोकप्रिय हो रहे हैं। बृज शर्मा आज अंसल टाउन में खेल अकादमी हाउज देट टर्फ क्लब के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बाक्स क्रिकेट का आगाज विशेष प्रकार के बेट से विशेष प्रकार के बाल से शाट लगाकर किया। कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील अरोड़ा नवीन जैन प्रवीण गुप्ता, रोहित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल राकेश मित्तल, नुपूर अग्रवाल, रितु अग्रवाल, नुपेर अग्रवाल, राधिका अग्रवाल मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठाः ललित बत्रा के नेतृत्व सोनीपत में निकली धर्म यात्रा

### जय श्रीराम के नारो से गूंजा शहर, हजारो राम भक्तो ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। उससे पहले पूरा देश प्रभु श्रीराम की भक्ति में रमता जा रहा है। हर कोई राम के काज में लगा हुआ है।
इसी क्रम में बीजेपी के वरिष्ठ नेता ललित बत्रा की अगुवाई मे सोनीपत मे आज हजारो की संख्या मे राम भक्तो ने एक धर्म यात्रा निकाली, इससे पूरा शहर राममय हो गया , हर ओर से जय श्री राम के नारों की गूँज ही सुनाई दे रही थी।
यात्रा सेक्टर 14 से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग एवं चौराहो से गुजरती हुई गीता भवन चौक मंदिर पहुंची और जहां पर हजारो शहर वासियों ने भंडारा चखा।



यात्रा में सोनीपत सांसद रमेश कौशिक, राई विधायक मोहनलाल बड़ोली ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। भाजपा नेता ललित बतरा ने कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। हर कोई इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनना चाह रहा है। यही कारण है कि प्रदेश के कोने-कोने से रामभक्त अपनी आस्था प्रकट कर रहे है।
उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम उनके रोम रोम में समाए हुए हैं। यही वजह है कि वो और उनके साथियों ने प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो इस को लेकर शहर में एक धर्म यात्रा का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि लगभग 500 वर्षों बाद ऐसी शुभ घड़ी आई है जब श्री राम परिवार की प्रमाण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसे पूरा देश दिवाली की तरह है मनाएगा।

**राममय**

> 8 ललित बत्रा की अगुवाई मे सोनीपत मे आज हजारो की संख्या मे राम भक्तो ने एक धर्म यात्रा निकाली

## सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन पानीपत में हुई पंचांग स्थापना एवं कर्म कुटी बेदी पूजन

### बनारस से आए ब्राह्मणों ने यह पूजन करवाया जिसके मुख्य यजमान ज्ञान, रोहित, विभु, ललित जावा व मनीष नागपाल रहे

**पानीपत/कमाल हुसैन**
श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन पानीपत में चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में क्लश यात्रा के बाद दूसरा दिन पंचांग स्थापना का रहा जिसमें कर्म कुटी बेदी पूजन किया गया। बनारस से आए ब्राह्मणों ने यह पूजन करवाया जिसके मुख्य यजमान ज्ञान मिगलानी, रोहित कथुरिया, विभु पालीवाल, ललित जावा व मनीष नागपाल रहे। इन सभी ने बैठकर विधि विधान से पूजन किया एवं पंचांग की स्थापना हुई। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान तरुण गांधी ने कर्म कुट्टी बेदी पूजन का महत्व बताया एवं कहा कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में कर्मकुटी पूजा का विशेष महत्व होता है। इस पूजा में भगवान विष्णु



की पूजा की जाती है उसके पश्चात ही मंदिर में प्रवेश किया जाता है एवं मूर्तियों को प्रवेश करवाया जाता है। किसी भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कर्म कुटी पूजा का विशेष महत्व होता है इसके बगैर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती। मंदिर में जो बेदी पूजन के लिए जगह बनाई गई है वह देखने योग्य है बनारस से आए हुए ब्राह्मण ने बहुत ही सुंदर बेदी स्थापना की है। प्रातः 8:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 तक यह पूजन चला जिसमें मंदिर के सभी सेवादार उपस्थित रहे एवं सभी मुख्य यजमान उपस्थित रहे। शाम के समय दोपहर 2:00 बजे से पांच बजे तक स्वामी दयानंद सरस्वती जी मुरथल वाले ने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया एवं कहा की जो जन इस प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो रहे हैं वह भाग्य के पात्र हैं क्योंकि आज के कलयुगी समय में इस तरह के समारोह बहुत ही काम होते हैं। सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन के निवासी भाग्यशाली हैं जो भजन प्रवचनों का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने मंदिर के प्रधान तरुण गांधी की प्रशंसा करते हुए कहा की इस भव्य मंदिर का निर्माण कर उन्होंने एक विशेष कार्य किया है जो सदियों तक लोगों को याद रहेगा ऐसा भव्य मंदिर पानीपत में पहले कभी नहीं बना। सही साढे पांच बजे महा आरती का आयोजन किया गया एवं श्रद्धालु को दीपदान किए गए ताकि वह आने वाली 22 जनवरी को अपने घर में दीप जलाएं एवं दीपावली मनाएं। मंदिर में श्रद्धालुओं की कितनी भारी संख्या है श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है वह जिस प्रकार धर्म के कार्यों में आगे बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं यह मंदिर समिति की सफलता है। भैया रवि आहूजा ने जो की राधा वल्लभ सत्संग परिवार के सदस्य हैं बहुत ही मधुर भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया कार्यक्रम का समापन महाआरती एवं अमृत भंडारे के साथ हुआ । मंदिर के सभी सेवादार एवं सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे जिनके कारण सारा कार्यक्रम सुचारू रूप से एवं व्यवस्थित ढंग से चल रहा है।

# क्लाइमेटराइज एलायंस, बज वुमेन और आईआईएम बैंगलोर एक साथ आए

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
**बज वूमेन ने** आईआईएम बैंगलोर और क्लाइमेटराइज एलायंस के सहयोग से आईआईएम बेंगलुरु में "बदलाव के बीजः भारत के जलवायु एजेंडा में ग्रामीण उद्यमिता और महिला लीडरशिप को प्रेरित करना" का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण महिला उद्यमियों की आवाज को उजागर करना और उन तरीकों पर विचार-विमर्श करना था, जिनसे विकास परिद्दश्य में विभिन्न हितधारक महिलाओं को लीडरशिप की भूमिकाओं में सक्षम बनाना, उद्यमिता को बढ़ावा देना, और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना होता है। कार्यक्रम वाले दिन जलवायु एक्शन और आर्थिक लचीलेपन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को केन्द्र में रखकर गहन पैनल चचाएं हुई और प्रेरणादायक वक्ताओं ने इन पर अपने विचार रखें। विविध पृष्ठभूमि के प्रमुख पैनलिस्टों और वक्ताओं में प्रगति अभियान से अश्विनी कुलकर्णी, बिंदी इंटरनेशनल की पूर्व सीईओ ग्लोरिया जोनाथन, मान देशी फाउंडेशन से अनघा कामत, इंडस्ट्री फाउंडेशन से सुसान भक्तुल, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) से मेघा जौहर और रेनमैटर फाउंडेशन से राजीव प्रकाश शामिल थे। इस कार्यक्रम में ग्रामीण कर्नाटक की चार महिला उद्यमियों और ग्रामीण जलवायु चैंपियन के रूप में उनकी यात्रा पर भी प्रकाश डाला गया।
बज वुमेन की सह-संस्थापक, उथरा नारायणन ने कहा, बज वुमेन में, हमने महिलाओं को सही सवालों और उपकरणों के साथ उनकी ताकत को सामने लाकर प्रोत्साहन देने के साथ शुरूआत की, ताकि वे अपने स्थानीय संदर्भों के लिए प्रासंगिक समाधान पेश कर सकें। यह सम्मेलन सीएसओ, सरकारी अधिकारियों, ग्रांट निमार्ताओं और ग्रामीण महिलाओं को एकजुटता के साथ हमारे समय के एक महत्वपूर्ण अंतसंबंध - ग्रामीण उद्यमिता, महिला लीडरशिप और भारत के जलवायु एजेंडे का समाधान करने के लिए एक साथ आना था।"

# कल दिल्ली के सरकारी दफ्तरों में रहेगी आधे दिन की छुट्टी

## दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों/यूएलबी/स्वायत्त निकायों/उपक्रमों और बोर्डों आदि को आधे दिन के लिए बंद करने की मंजूरी

**राम नाम पर..**

**8 इस संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल के पास एक प्रस्ताव भेजा था**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** एलजी वीके सक्सेना ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी 2024 (सोमवार) को दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों/यूएलबी/स्वायत्त निकायों/उपक्रमों और बोर्डों आदि को आधे दिन के लिए बंद करने की मंजूरी दी। बता दें, इस संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल के पास एक प्रस्ताव भेजा था, जिसे एलजी ने मंजूरी दे दी।

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर फैसला:** अयोध्या में राम लला का प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य व्यक्ति उपस्थित होंगे। राज निवास के एक अधिकारी ने कहा कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने 22 जनवरी को अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के अवसर पर दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों, नागरिक निकायों और अन्य उपक्रमों के लिए आधे दिन की छुट्टी को मंजूरी दे दी है।



## आप ने एक देश एक चुनाव नीति का साफ तौर से विरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
2024 से पहले एक बार फिर वन नेशन वन इलेक्शन की बहस तेज हो गई है। एक ओर कांग्रेस ने इसको लेकर जहां इसका स्पष्ट विरोध किया है, वहीं आम आदमी पार्टी ने भी इस पर रुख अख्तियार कर लिया है। पार्टी ने औपचारिक पत्र जारी करते हुए एक देश एक चुनाव नीति का साफ तौर से विरोध किया है।

**सुनने में भले ही अच्छा हो पर लागू करना असली परीक्षा:** वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी ने लोगों से इस पर सुझाव मांगे हैं। इसी पर आम आदमी पार्टी ने अपना सुझाव दिया है। पार्टी ने कहा है कि भले ही यह सुनने में अच्छा लग रहा हो लेकिन इसका रियल टेस्ट इसके लागू करने में है। पार्टी का ये भी कहना है कि यह देखना होगा कि क्या यह नीति हमारे लोकतंत्र को मजबूत करती है। क्या यह हमारे संविधान में दिए फ्री एंड फेयर इलेक्शन के सिद्धांत पर खरी उतरती है। पार्टी का कहना है कि हमारे इन प्रश्नों के उत्तर में इस ड्राफ्ट में केवल एक पत्र मिला है, उसमें भी हमारी समस्याओं का पूरी तरह से समाधान नहीं है।

एक बार में सभी चुनाव होने से संविधान को ठेस पहुंचेगी। यह हमारे संविधान की मूल भावना के साथ भी खिलवाड़ करता है।

### 'फेडरल स्ट्रक्चर पर असर पड़ेगा'

**पार्टी** का कहना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार चलाना हमारे संविधान और लोकतंत्र की मूल भावना है जो वन नेशन वन इलेक्शन से आहत होगी। आम आदमी पार्टी का कहना है कि इससे हमारे संसदीय ढांचे, फ्री एंड फेयर इलेक्शन, फेडरल स्ट्रक्चर पर पड़ेगा।

**हंग एसेंबली जैसे मुद्दों को भी उठाया:** आप का ये भी कहना है कि वन नेशन वन इलेक्शन नीति में यह ताकत नहीं है कि वह हंग एसेंबली के मुद्दे को सुलझा सके। उस परिस्थिति में जब किसी को स्पष्ट मत नहीं मिलेगा तब यह नीति क्या करेगी इसका कोई उल्लेख नहीं है। यह नीति एंटी डिफेक्शन लॉ पर भी कुछ नहीं कहती।

# कोहरे की चादर हुई पतली

## गलन और ठिठुरन बरकरार, रविवार को ऐसा रहेगा मौसम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**राजधानी** में कोहरे की चादर की पतली हुई है। इस वजह से सुबह में बहुत हल्का कोहरा रहा। इससे दृश्यता में सुधार हुआ। आईजीआई एयरपोर्ट पर भी सुबह में थोड़ी देर के लिए न्यूनतम दृश्यता 700 मीटर दर्ज की गई। इसके बाद दृश्यता के स्तर में सुधार हो गया। इस वजह से सुबह नौ बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता 1200 मीटर पहुंच गई। लेकिन ठंड बरकरार है।

**शुक्रवार के मुकाबले तापमान में हुई करीब डेढ़ डिग्री की बढ़ोतरी:** मौसम विभाग के अनुसार पिछले दिन के अनुसार न्यूनतम तापमान में करीब डेढ़ डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। फिर भी सुबह में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इस वजह से दिल्ली के कई इलाकों में कोल्ड डे रहने की संभावना है।

**धरती तक नहीं पहुंच पा रही सूरज की रोशनी:** मौसम विभाग के अनुसार कोहरे की चादर जमीन से 100 से 150 मीटर की ऊंचाई पर बनी हुई है। इस वजह से सूरज की रोशनी धरती तक नहीं पहुंच पा रही है। इस वजह से दिन का तापमान ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है। इस वजह से अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मध्यम स्तर का कोहरा और दिल्ली में कई जगहों पर कोल्ड डे हो सकता है।

# सांसद संजय-सिसोदिया को कोर्ट से झटका

**हिरासत**

**8 कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 फरवरी तक बढ़ा दी है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 फरवरी तक बढ़ा दी है। उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। वहीं, कोर्ट ने सर्वेश मिश्रा और अमित अरोड़ा की जमानत पर भी फैसला 24 जनवरी के लिए सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की ताजा स्थिति रिपोर्ट मांगी। वहीं, मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत पांच फरवरी तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष सीबीआई न्यायाधीश एमके नागपाल ने आरोपी व्यक्तियों के लिए सीबीआई कार्यालय में दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अवसर देने से इनकार करते हुए कहा कि सभी को पर्याप्त समय दिया गया है। यह भी कहा कि आरोप तय करने के लिए मामले को बहस के लिए सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

# रिपोर्ट आने के बाद होगा आग लगने के सही कारणों का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीतमपुरा** इलाके में चार मंजिला इमारत में आग लगने से हुई छह लोगों की मौत के मामले में मौर्या एंक्लेव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 285, 336 और 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने इमारत का मुआयना किया और वहां से कई साक्ष्य जुटाए। रिपोर्ट आने के बाद आग लगने के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।
पुलिस इमारत में रहने वाले लोगों और घायल साहिल से पूछताछ कर घटना के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में

**साक्ष्य जुटाया**

**8 पीतमपुरा इलाके में जेड पी ब्लॉक स्थित चार मंजिला इमारत नंबर 37 में आग लगने की जानकारी मिली थी**

इमारत में लगे बिजली के सभी मीटर सही पाए गए हैं। आशंका है कि रूम हीटर या फिर गीजर में आग लगने से हादसा हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीतमपुरा इलाके में बृहस्पतिवार रात करीब 8.07 बजे जेड पी ब्लॉक स्थित चार मंजिला इमारत नंबर 37 में आग लगने की जानकारी मिली थी।

# ट्रेन के शौचालय में गंदगी का मामला पहुंचा कोर्ट, उ. रेलवे को लगी फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
ट्रेन शौचालय में गंदगी और पानी की सुविधा से जुडे मामले में तीस हजारी कोर्ट स्थित उपभोक्ता अदालत ने उत्तर रेलवे को फटकार लगाई है। अदालत ने रेलवे को यात्री को मुआवजे के तौर पर 30 हजार रुपये का एकमुश्त भुगतान करने और मुकदमेबाजी खर्च के लिए 10 हजार रुपये देने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि उत्तर रेलवे की ओर से अपने बचाव में रखी गई दलील कि शौचालय सुविधा रेलवे द्वारा यात्रियों को मुफ्त में दी जाने वाली सुविधा है, में कोई आधार नहीं है क्योंकि शौचालय और पानी बुनियादी सुविधाएं हैं जिन्हें



यात्रियों को देने से इनकार नहीं किया जा सकता है। शिकायतकर्ता ने नई दिल्ली इंदौर स्पेशल ट्रेन के थर्ड एसी कोच में दो सितंबर 2021 को दिल्ली से चढ़े। तीन सितंबर को सुबह आठ बजे जब शिकायतकर्ता गया, तो उसने देखा कि शौचालय गंदगी से भरा हुआ था और फ्लश करने या हाथ धोने के लिए शौचालय में पानी भी नहीं था। इसके अलावा वाशबेसिन भी गंदे पानी से भरे हुए थे।

**कोई कोच अटेंडेंट मौजूद नहीं था:** मौके पर शिकायत के लिए जब शिकायतकर्ता ने कोच अटेंडेंट की तलाश की तो कोई अटेंडेंट मौजूद नहीं था, इसलिए उसने भारतीय रेलवे के आधिकारिक आनलाइन शिकायत पोर्टल रेल मद पर साढ़े आठ बजे के आसपास फोटो के साथ शिकायत दर्ज की और उसी के बारे में रेल मंत्री और रेलवे सेवा के आधिकारित ट्वीटर हैंडल को टैग करते हुए ट्वीट किया।

# डीयू के 12 कॉलेजों में भ्रष्टाचार की होगी जांच



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिल्ली सरकार से वित्तपोषित डीयू के 12 कॉलेजों में गंभीर अनियमितता के आरोपों को लेकर उच्च शिक्षा सचिव को जांच करने की सिफारिश की है। दरअसल इन कॉलेजों पर कई गड़बड़ी करने के आरोप हैं। जैसे कॉलेजों ने जीएनसीटीडी की मंजूरी के बिना और सरकारी प्रक्रियाओं और नियमों का उल्लंघन करते हुए 1897 कर्मचारियों की नियुक्ति की है। इसमें 939 शिक्षण और 958 गैर-शिक्षण पदों पर नियुक्ति शामिल है। आतिशी ने अवैध पद सृजित करने के लिए जिम्मेदार प्राचार्यों और अधिकारियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है, जिसमें अवैध रूप से नियुक्त सदस्यों के 2015 से वेतन की वसूली करने को भी कहा है। आतिशी ने शिक्षकों के अनुबंधों को निष्पादित करते समय जीएफआर प्रावधानों का उल्लंघन

**आदेश**

**8 फर्जी नियुक्त कर्मचारियों से वेतन वसूली के भी शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिए आदेश**

करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**कॉलेजों ने एटीआर जमा नहीं किया:** आतिशी ने कहा कि चूंकि इन कॉलेजों को दिल्ली के सरकारी खजाने से वित्त पोषित किया जाता है, इसलिए धन के किसी भी दुरुपयोग के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस गड़बड़ी में सरकारी खजाने से सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। कॉलेजों ने एटीआर जमा नहीं किया है। सरकारी पैसे के पारदर्शी, विवेकपूर्ण खर्च की जानी चाहिए, जिसका इन कॉलेजों ने बार-बार उल्लंघन किया है।

# सीटों को लेकर सीएम केजरीवाल के आवास पर बैठक

**मिशन 2024**

**8 नेताओं के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है, गठबंधन की आधिकारिक घोषणा का फिलहाल इंतजार है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसी बीच पंजाब में लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर बड़ी बैठक हुई। र इस बैठक में पंजाब के सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हो रही है। इसमें पंजाब के सीएम भगवंत मान सहित कई दिग्गज नेता



मौजूद रहे।

**कांग्रेस से गठबंधन की आधिकारिक घोषणा बाकी:** बैठक में पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप संगठन महासचिव संदीप पाठक समेत अन्य बड़े नेता मौजूद हैं। आप ने अभी तक पंजाब में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है, हालांकि गठबंधन की आधिकारिक घोषणा का फिलहाल इंतजार है।

**प्रक्रिया शुरू**

**8 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी, पार्टी के कई नेता मौजूद रहे**

ईडी के समन पर नहीं हुए शामिल
बता दें, हाल ही में सीएम केजरीवाल गोवा दौरे से लौटे हैं। वहां उनका कई जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम था। वहां

उन्होंने वेंजी विगास द्वारा बनाए गए मोहल्ला क्लिनिक का भी दौरा किया था। इससे पहले ईडी ने उन्हें चौथी बार समन भेजा था, लेकिन वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे।

# पार्क में शख्स की पीट-पीटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**कश्मीरी गेट** इलाके में 44 साल के एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसका शव अग्रसेन पार्क में मिला है। मृतक की शिनाख्त प्रमोद शुक्ला के रूप में हुई है। उसके सिर को बेरहमी से कुचला गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को आशंका है कि लूटपाट का विरोध में उसकी हत्या की गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रमोद मूलतः जालौन यूपी का रहने वाला था। वह कश्मीरी गेट खोया मंडी में प्रधान राकेश तोमर के पास पिछले करीब

**जांच जारी**

**8 पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया**

15 साल से काम कर रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह पुलिस को अग्रसेन पार्क में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया।

# रश्मिका मंधाना का डीपफेक वीडियो बनाने वाला आरोपी दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** भारत की अभिनेत्री रश्मिका मंधाना का डीपफेक वीडियो बनाने वाले युवक को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की आईएफएसओ (इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशन) ने गिरफ्तार कर लिया है। स्पेशल सेल के डीसीपी हेमंत तिवारी ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले, स्पेशल सेल का कहना था कि दक्षिण भारत के ही किसी शख्स ने मंधाना का डीपफेक वीडियो बनाया था।

**आंध्र प्रदेश का रहनेवाला है आरोपी:** दिल्ली पुलिस ने मामले में आरोपी एमानी नवीन को गिरफ्तार किया है, जो आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के पालापारू गांव का रहनेवाला है। उसकी उम्र 24 साल है। इसी ने मंधाना के डीपफेक वीडियो को बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था।

**फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए बनाया वीडियो:** डीसीपी आईएफएसओ यूनिट



हेमंत तिवारी ने कहा, 'हमने मुख्य आरोपी 24 वर्षीय ईमानी नवीन को आंध्र प्रदेश के गुंटूर से गिरफ्तार किया है। उसके पास से लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उसका डिलीट किया गया डेटा भी रिकवर किया जा रहा है। उसने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का फैन पेज बनाया और अन्य दो हस्तियों के दो और फैन पेज भी बनाएं। इसकी डीपफेक वीडियो भी बनाया। आगे की जांच जारी है।'

**मामले में पहले भी हुई थी गिरफ्तारी:** बता दें, रश्मिका का वीडियो छह नवंबर पर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने पर आइएफएसओ ने अज्ञात के खिलाफ जालसाजी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के मामले में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी और 66ई के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने इंटरनेट मीडिया के विभिन्न कंपनियों को पत्र लिख जानकारी मुहैया कराने को कहा था। पुलिस ने बीते दिनों बिहार से एक शख्स को गिरफ्तार किया था।

# पूर्व पार्षद जहां सहित 12 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप तय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने पूर्व एमसीडी पार्षद और वकील इशरत जहां और खालिद सैफी समेत 12 अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप तय किए हैं। यह मामला पुलिस स्टेशन जगत पुरी में दर्ज एक एफआईआर से संबंधित है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने हत्या के प्रयास और दंगा की धारा के तहत आरोप तय किए हैं।

अमिताभ रावत को अब राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया है। न्यायाधीश रावत ने 19 जनवरी के आदेश में कहा, "यह मानने के आधार हैं कि आरोपी व्यक्तियों ने धारा



147/148/186/188/332/353/307 आईपीसी के साथ धारा 149 आईपीसी के तहत अपराध किया है।

**ये हैं 13 आरोपियों के नाम:** उन्होंने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में इशरत जहां, खालिद सैफी, विक्रम प्रताप, समीर अंसारी, मोहम्मद सलीम, साबू अंसारी, इकबाल अहमद, अंजार, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद बिलाल सैफी, सलीम अहमद, मोहम्मद यामीन और शरीफ खान को आरोपी बनाया जाता है। हालांकि कोर्ट ने आरोपी व्यक्तियों को आपराधिक साजिश और शस्त्र अधिनियम के अपराधों से मुक्त कर दिया।

**सुनवाई**

**8 न्यायाधीश अमिताभ रावत ने हत्या के प्रयास और दंगा की धारा के तहत आरोप तय किए**

**सभी आरोपियों को कुछ धाराओं में किया गया बरी:** अदालत ने कहा कि सभी आरोपी व्यक्तियों को धारा 34 आईपीसी, 120-बी आईपीसी, 109 आईपीसी और 25/27 शस्त्र अधिनियम के तहत अपराधों के लिए आरोपमुक्त किया जाता है। इशरत जहां भी बड़ी साजिश रचने के मामले में आरोपी हैं और वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

## हिंदू सेना ने बाबर रोड पर 'अयोध्या मार्ग' का लगाया स्टीकर

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हिंदू सेना के कार्यकताओं ने बाबर रोड रोड की पट्टिका पर अयोध्या मार्ग का स्टीकर चिपका दिया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्टीकर को हटा दिया। हिंदू सेना काफी समय से बाबर रोड का नाम बदलने की मांग उठा रही थी। जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह बाबर रोड के साइन बोर्ड पर अयोध्या मार्ग का पोस्टर चिपका दिया गया। एनडीएमसी के द्वारा लगाए गए साइन बोर्ड पर हिंदू सेना ने यह पोस्टर लगाया। उसकी जिम्मेदारी हिंदू सेना ने ली। हिंदू सेना की तरफ से कहा गया है कि लंबे समय से मांग की जा रही है कि बाबर रोड का नाम बदला जाए।

# प्राण प्रतिष्ठा पर राममय होगी लुटियन की दिल्ली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लुटियन** की दिल्ली में 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव होगा। एनडीएमसी कनॉट प्लेस समेत विभिन्न स्थानों पर लगीं एलईडी स्क्रीन पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाएगी। इसके अलावा वह प्रमुख चौराहों पर फूलों से मंदिर की बनी कलाकृति के बोर्ड लगाएगी और अपनी सभी बिल्डिंगों को रोशनी से जगमग करेगी। लिहाजा उसने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राष्ट्रीय व धार्मिक पर्व की तरह मनाने का निर्णय लिया है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 22 जनवरी को लुटियन की दिल्ली राममय होगी। एनडीएमसी की बिल्डिंग ही नहीं, सभी मार्केट



**सजाया जाएगा**

**8 खान मार्केट ट्रेडर्स द्वारा सुंदरकांड पाठ और 2000 लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा**

रोशनी से जगमग होंगी। सरकारी बिल्डिंगों, मार्केटों व होटलों पर रोशनी की जाएगी और दीप जलाए जाएंगे। खान मार्केट, खन्ना मार्केट, कनॉट प्लेस, किदवई नगर, पंडारा रोड, शंकर मार्केट, पालिका बाजार और लोधी रोड सहित एनडीएमसी क्षेत्र की मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन बड़े धूमधाम के साथ उत्सव में शामिल होंगी। खान मार्किट में रथ शोभा यात्रा, वृंदावन की टीम 24 घंटे का संकीर्तन और झंडे, स्टिकर और दीयों के साथ विस्तृत सजावट की जाएगी।

खान मार्केट ट्रेडर्स द्वारा सुंदरकांड पाठ और 2000 लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जबकि कनॉट प्लेस ट्रेडर्स 125,000 दीये जलाएगी, सी ब्लॉक में एक विशेष पूजा आयोजित करने और पूरे बाजार में झंडे और बैनर प्रदर्शित करने की योजना बनाई जा रही है।

# 'श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का करेंगे भव्य स्वागत'

## मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने शहर वासियों से यात्रा का जगह जगह स्वागत करने की अपील की



**रामभक्ति**

**8 रिक्शा चालकों की आयोजित बैठक में राजीव जैन ने अपने हाथों से सभी को दीये वितरित किये**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ई-रिक्शा** चालक, टेम्पो यूनियन, रेहड़ी चालक तथा मुस्लिम समाज भी आगामी 21 जनवरी को आयोजित श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने शहर वासियों से यात्रा का जगह जगह स्वागत करने की अपील की।

सेक्टर 15 में थाने के पीछे ई-रिक्शा एसोसिएशन द्वारा रिक्शा चालकों की आयोजित बैठक में राजीव जैन ने अपने हाथों से सभी को दीये वितरित किये और कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर के उद्घाटन की जन-जन को प्रतीक्षा है इसलिए रामभक्त स्वयं आगे आकर उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी दिव्यान्द जी भिक्षु, स्वामी दयानन्द सरस्वती, परमेश्वरि देवी समेत अनेक संत पूजा अर्चना करवाकर शोभा यात्रा को रवाना करेंगे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने प्रगति नगर, जीवन नगर, जीवन विहार, हेम नगर, खन्ना कॉलोनी, सेक्टर 14 हाउसिंग बोर्ड, कच्चे क्वार्टर में दीये वितरित कर यात्रा का निमंत्रण देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने मंदिरों को टूटते हुए देखा परन्तु हमारा शोभाग्य है कि हम मंदिर का निर्माण होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि राम मंदिर के निर्माण से सनातन धर्म का झंडा पुरे विश्व में बुलंद होगा और भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा। इस अवसर पर पार्षद सुरेंद्र मदान, दर्शन रतेवाल, राजकुमार शर्मा, प्रीति, मनीष गुप्ता, दीपक शर्मा, महेंद्र गुप्ता, संदीप शर्मा, नवीन मालिक, राकेश अग्रवाल, भीम सेन, विनोद मिश्रा, केशव दहिया, राम आशीष, संजय, मुकेश, हंसराज, वीरेंद्र, विक्की, पवन, राजेश, रंजीत, भरत, रिंकू, सचिन, शमशेर राजेश, रोहित, राधेश्याम, गणेश एवं सैंकड़ो कॉलोनी वासी महिलाएं एवं ई-रिक्शा चालक उपस्थित रहे ।

# छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

## एन.एस.एस. शिविर में साइबर क्राइम विषय पर स्वयं सेविकाओं को किया जागरूक

**जागरूक**

**8 एन.एस.एस. शिविर के चलते विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को निरंतर जागरूक किया जा रहा**




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में एन.एस.एस. शिविर के चलते विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को एन.एस.एस. शिविर के तीसरे दिन कुरुक्षेत्र पुलिस के ज्योतिसर चौकी प्रभारी प्रिंस ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लेते हुए साइबर क्राइम विषय पर स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज साइबर ठगी आम बात हो चुकी है। हमें सावधान रहना चाहिए। किसी भी तरह के लालच में आकर हमें इस ठगी का शिकार होने से बचना चाहिए। आज ऑनलाइन अनेक प्रकार की ठगी हो रही है। इसलिए हमें खुद भी जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाएं गांव कमोदा के प्राथमिक चिकित्सा शिविर में गई। जहां निशुल्क स्वास्थ्य जांच हुई। इसी के साथ गांव कमोदा में जागरूकता रैली निकालते हुए छात्राओं ने स्वच्छता ही जीवन है, भ्रूण हत्या बंद करो, दहेज लेना पाप है, लड़का लड़की एक समान आदि नारे लगाए। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

## न्यूज फ्लैश

### मां शाकुम्भरी सेवा मंडल के सदस्य तैयारियां में जुटे



**पानीपत, कमाल हुसैन** मां शाकुम्भरी सेवा मंडल द्वारा माता शाकुंभरी देवी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में एक शाम मां शाकुंभरी देवी के नाम कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को शाम 4 बजे श्री देवी मंदिर के प्रांगण में किया जा रहा है। मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में एक शाम मां शाकुंभरी देवी के नाम में चुलकाना धाम के पुजारी देवेंद्र एवं ब्रह्मचारी जी महाराज श्री अव्यय नंद का पावन सानिध्य रहेगा। वही प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा, प्रियंका मालरा, हेमा ठाकुर ,जतिन जिंदल, मनोज पांचाल महामाई का गुणगान करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महिपाल ढांडा ,प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय जैन ,कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू ,समाजसेवी ईश्वर गोयल ,समाजसेवी सत्यनारायण रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में महंत बेबी शर्मा ,वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल ,समाजसेवी जय भगवान ,कुणाल जैन ,सुरेश शर्मा ,पूरन शर्मा ,सुरेंद्र गोयल ,प्रवीण कंसल, पवन बंसल, प्रमोद मित्तल ,जयकुमार बिंदल, एडवोकेट सुनील वर्मा ,महेंद्र गोयल ,प्रवीण गुप्ता ,ईशम कुमार पांचाल, नीरज गोयल, पीयूष अग्रवाल, विकास गुप्ता ,प्रमोद कश्यप शिरकत करेंगें। कार्यक्रम में चाय सेवा श्री श्याम द्वादशी सेवा मंडल के प्रधान मनीष मित्तल, जोड़ा सेवा चरण पादुका सेवा प्रधान महेंद्र धीमान, तिलक सेवा जय मां बनभौरी सेवा दल संस्था प्रधान संजय मंगला करेंगें। कार्यक्रम में प्रधान महेंद्र गोयल ने बताया कि भंडारी रविंद्र गोयल, सहभंडारी सुमित तायल, विकास जिंदल, संजय गर्ग ,अमित मित्तल, जग मोहन, दिनेश कुमार, राजकुमार, गौरव गर्ग ,सुल्तान ,राजकुमार मेहता, सत्यवान शर्मा ,पंकज गर्ग ,अशोक ,विक्रम गोयल, गुलशन, विवेक मलिक, नीरज कुमार, कृष्ण कुमार, सोनू सेन, अनुज कुमार, भरत कुमार ,रवि गोयल ,विजेंद्र शर्मा, अशोक गर्ग ,मुकेश गुप्ता ,गुलशन सहगल ,मनीष कुमार, अंकित कुमार एवं दीपक तायल आदि तैयारी में जुटे हुए हैं।

### विधायक महीपाल ढांडा ने श्रीराम शोभा यात्रा का दिया न्यौता



**पानीपत/कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण विधानसभा के विधायक महिपाल ढांडा ने मोती राम कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल के निवास पर पहुंचकर अपनी भतीजी की शादी का निमंत्रण दिया। वहीं उन्होंने मौजूद सैकड़ो कार्यकताओं को भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में पानीपत में 21 जनवरी को जीटी रोड पर स्काईलार्क से डेरा बाबा जोध सचियार तक निकलने वाली श्री राम शोभा यात्रा में भी बढ़ चढकर हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि 500 साल बाद भगवान श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से बना है। जिससे सनातन धर्म के लोगों में भारी उत्साह है। वही प्रधान ईसम पांचाल ने बताया कि श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को भव्य बनाने के लिए जहां पर चढकर शोभायात्रा में भाग लेंगे। वही 22 जनवरी को मोतीराम कालोनी स्थित श्री खाटू श्याम शिव मंदिर के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रीराम का पटका एवं झंडा भी घर-घर लगाए जाएंगें। वहीं भाजपा के युवा नेता विजेंद्र पांचाल, डा. रफ ल सिंह कश्यप, प्रदीप उपाध्याय, भूपेंद्र बालियाण, प्रेम तोमार, राजेश फौजी, कैलाश पाल के निवास पर भी शादी के निमंत्रण के साथ भगवान श्री राम की शोभायात्रा में भाग लेने के लिए कार्यकताओं को न्यौता दिया।

# पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र हुए सम्मानित




**सहयोग**

**8 बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा का प्रावधान कर उनके उज्जवल भविष्य में सहयोग करती है**

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में शनिवार को स्वयं सेवी संस्था नीफा की तरफ से पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह एक स्वयं सेवी संस्था है जो अलग-अलग विद्यालयों में जाकर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाती है साथ ही समाज में निम्न वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा का प्रावधान कर उनके उज्जवल भविष्य में सहयोग करती है। लगभग 24 वर्षों से यह संस्था अपने इन कार्यों में संलग्न है ।इसी कार्य के तहत चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया जिसका विषय भारत विकास था प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया ।इसमें कक्षा छठी की रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , कक्षा आठवीं के हिमांशु ने द्वितीय और कक्षा आठवीं के ही वंश शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रमुख सदस्य संदीप, राजेश, गोल्डी, पार्सद नरेश कौशिक तथा पार्सद कप्तान छौक्कर ने सभी विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमाण पत्र के द्वारा सम्मानित किया। संस्था के प्रमुख सदस्य संदीप, राजेश तथा गोल्डी ने वहां उपस्थित अतिथियों में समालखा एम सी कप्तान छौक्कर, समालखा एम सी नरेश कौशिक एवं स्कूल प्रबंधक नरेश गहल्याण तथा स्कूल प्रधानाचार्या नीलम कादियान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नरेश गाहल्याण ने संस्था द्वारा किए गए प्रतियोगिता के आयोजन के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# स्वागत समारोह के लिए सभी को निमंत्रण दिया



**समालखा (कुलदीप सिंह)** हल्का समालखा में कांग्रेसी नेता मोहकम छौक्कर जालपाड, गढ़ी भ्लौर, तहारपुर, ताजपुर, गोयला खेड़ा, गोयला खुर्द मिजार्पुर, शिमला गुजरान, बिहोली,अतोलापुर गांव मैं पहुंच कर हरियाणा संदेश यात्रा के समालखा अनाज मंडी में 24 जनवरी सुबह 10 बजे पहुंच रही हैं मोहकम छौक्कर द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में सभी को निमंत्रण दिया आप सभी सादर आमंत्रित हैं इस मौके पर भीम शर्मा, वीर सिंह सरपंच अनिल रामनिवास आसिफ अली मनोज, रामवतार,मुनीम वजीर देशवाल दीपक,जगबीर ,मास्टर सुरेंद्र भोपाल सिंह सुभाष प्रीतम प्रधान नंबरदार, सतबीर, कृष्ण, संजय, जगबीर, देवेंद्र, भोपाल सिंह, कृष्ण, कुलदीप, संजय आदि कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# मनोहर सरकार बिना भेदभाव कर रही है विकासः संजय



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह)** भाजपा की जनहितकारी योजनाओं से आज हर वर्ग खुश है मनोहर सरकार की नीतियों का लाभ आमजन को खूब मिल रहा है बिना किसी जातिवाद और क्षेत्रवाद के सरकार की नीतियों से पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है उक्त बातें भाजपा नेता संजय छौक्कर ने गांव हलदाना में सरपंच रामनिवास द्वारा आयोजित जन आशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान कही उन्होंने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष पर पूरे देश में दिवाली मनाई जाएगी पूरे देश बहुत ही खुशी का माहौल है इस अवसर पर सरपंच राम निवास, सुरेन्द्र छौक्कर, रविन्द्र छौक्कर,सुशील शर्मा,नवीन शर्मा,देवेंद्र शर्मा,रामनिवास शर्मा,पाले राम, जनारा,हुकम सिंह,नवीन छौक्कर।

# छात्रों को किया गया सम्मानित

**सम्मान**

**8 राम उत्सव सबके राम" कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पर नृत्य, राजतिलक में बेहतरीन प्रस्तुति दी**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गीता विद्यालय के वंदना सत्र में विद्यालय के छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रशस्ति पत्र 19 जनवरी 2023 को पर्लमार्क होटल में दैनिक जागरण की तरफ से आयोजित कार्यक्रम श्री राम उत्सव सबके राम" कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पर नृत्य, राम आरती व राजतिलक में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति प्रस्तुति देने पर उन्हें मिला । इस अवसर पर प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि हमारे छात्र अपनी संस्कृति व धरोहर को संजोय हुए हैं जिससे समाज व विद्यालय के छात्रों में अपनी संस्कृति से जुड़ने के ज्ञान का प्रादुर्भाव होता है। हमें निरंतर इस तरह के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए जिससे हम अपने देश व समाज को अपनी संस्कृति से परिचित करवा सकते हैं ।इसके द्वारा हमारे अंदर देश प्रेम व राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होगी। प्राचार्य ने छात्रों को बधाई दी व उनकी आचार्या कनिका शर्मा को इस तरह के कार्यक्रम तैयार करवाने के लिए सरहाना की।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक एंव गौरवशालीः आजाद सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** रामलला के आगमन को लेकर देशभर में उत्सव मनाया जा रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस उपलक्ष्य में देशभर में मंदिरों व धार्मिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। वहीं शनिवार को करनाल के हलका नीलोखेड़ी पोल्ट्री एरिया स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरपर्सन आजाद सिंह की अध्यक्षता में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर हवन यज्ञ में आहुति डाली।

# अंत्योदय के सपने को साकार कर रही संकल्प यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा (सोनीपत)**
वर्ष 2047 तक देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव तुर्कपुर में पहुंची, जहां हरियाणा एससी आयोग की सदस्य मीना नरवाल व ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ देकर अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है।

**भारत को 2047 तक मिलकर बनाएंगे आत्मनिर्भर और विकसित-मीना नरवाल**

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मीना नरवाल ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। भारत से गरीबी मिटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में जिला प्रशासन द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है, जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्रीय बनाने के सपने को पूरा करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित देश बनकर रहेगा। पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सरकार ने गरीबों, वंचितों व मजदूरों को विकास की योजनाओं में भागीदार बनाया है।

# सेवा बस्ती में लोगों को मिठाई एवं 5-5 दीपक की किट दी



**पानीपत, कमाल हुसैन**
प्रतिष्ठा के अंतर्गत आज आज दशहरा कमेटी सनौली रोड एवं सेवा भारती ने संयुक्त रूप से एन.एफ.एल. के नजदीक विकास नगर की गली नं. 25 की सेवा बस्ती में लोगों को मिठाई एवं 5-5 दीपक की किट दी। जिससे कि वे 22 जनवरी को इस विशेष दीपावली पर अपना घर रोशन कर सके एवं खुशियां मना सकें। इसके अतिरिक्त दशहरा कमेटी प्रधान रमेश माटा ने 21 जनवरी को स्काईलार्क से गुरूद्वारा डेरा बाबा जोध सचियार तक जाने वाली शोभायात्रा के लिए भी आमंत्रित किया। इस अवसर पर विक्रम मलिक, सुरेश गांधी, धीरज बांगा, तिलक राज छाबड़ा, लीला कृष्ण भाटिया, विजय चौधरी, कृष्ण शर्मा, स्वप्निल जुनेजा, अमित तनेजा आदि उपस्थित थे।

# चौ. शमशेर सिंह सुरजेवाला को किया याद



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** किसानों और मजदूरों के लिए संघर्ष करने वाले स्व. चौ. शमशेर सिंह सुरजेवाला की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के पिता तथा किसान खेत मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे पूर्व मंत्री शमशेर सिंह सुरजेवाला को किसान भवन कैथल में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहाकि स्व. सुरजेवाला ने हमेशा किसानों व कमेरे वर्ग के लोगों के हित में लड़ाई लड़ी। उनके किसान-मजदूर की भलाई के लिए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता। स्व. सुरजेवाला ने हमेशा जनहित के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय स्तर, सामाजिक स्तर व पार्टी स्तर पर हमेशा जनसेवा में अपनी भागीदारी पेश की है। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी एक नई दिशा दी। वो हमेशा लोगों को साथ लेकर चले। अब उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए उनके पुत्र रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस पार्टी को नई ऊंचाइयों की तरफ ले जा रहे है। इस अवसर पर महिला नेत्री प्रवेश राणा, पूर्व चयरमैन तरसेम बकाली लाडवा, लवली बवेजा आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया

**जिम्मेदारी**

**8 प्रवीण चौहान को गोहाना रोड से गुरुद्वारा श्री जोधसचियार तक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है**

**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिलाधीश वीरेंद्र कुमार दहिया ने शोभा यात्रा में दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 22(1 )व 23(2 )के तहत कानून व शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए विभिन्न अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आदेश अनुसार सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश सैनी को स्काईलार्क से लेकर पुराने बस अड्डे तक, निगम के कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया को पुराने बस अड्डे से लेकर लाल बत्ती चौक तक, मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता विनय रावल को लाल बत्ती चौक से रेलवे रोड तक, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता धर्मवीर को रेलवे रोड से संजय चौक तक, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को संजय चौक से गोहाना रोड तक, डीटीपी प्लानिंग प्रवीण चौहान को गोहाना रोड से गुरुद्वारा श्री जोधसचियार तक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया




**समालखा ( कुलदीप सिर्ह )**
**गीता इंस्टीट्यूट** ऑफ लॉ में , राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कॉलेज द्वारा छात्रों के लिए अलग अलग सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे रंगोली बनाना, दिए जलाना और हनुमान चालीसा पाठ करवाया गया। कॉलेज की सांस्कृतिक समिति के द्वारा इस आयोजन को किया गया। समीति की संयोजक डॉ वर्षा ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में बीबीएएल.एल.बी छठे सेमेस्टर की टीम विजेता रही जिसमें छात्रा प्रवलीन, नेहा, मुस्कान, फातिमा, दूसरा स्थान पर बीबीए.एलएल.बी. आठवां सेमेस्टर की टीम रही। इसके अलावा छात्रों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जिसमें कॉलेज के छात्रों सहित, कॉलेज के डीन डॉ.सौरभ चतुर्वेदी , प्राचार्य डॉ.सुभाष मित्तल ट्रेनिंग निदेशक डॉ प्रेरणा डावर और पानीपत शहर के डी.एस.पी सहित अन्य स्टाफ मेंबर्स मौजूद रहे। कॉलेज के वाईस चेयरमैन निशांत बंसल ने सभी छात्रों और स्टाफ को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी और आयोजन के लिए सबको अपनी शुभकामनाएं दी।

# नरेलाः श्री खाटू श्याम की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के नरेला में तृतीय श्री श्याम अमृत महोत्सव के आयोजन को लेकर श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से भव्य शोभायात्रा व विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्याम भक्त और श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा व कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा विशिष्ट अतिथि सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर किया। शोभा यात्रा राम कुटी मंदिर से आरंभ होकर नरेला के विभिन्न मार्गो से होती हुई कथा स्थल पुरानी अनाज मंडी में संपन्न हुई। तत्पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। शोभायात्रा से पहले बवाना रोड़ स्थित रामकुटी मंदिर में कलश व निशानों की वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना व मंगल आरती की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रवीण लाकड़ा व विशिष्ट अतिथि विष्णु भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में बैंड बाजे, ढोल नगाड़े बाबा के भजनों से भक्ति रसधारा बहाते हुए भक्तों को भाव विभोर कर रहे थे। कथा व्यास ब्रिज रसिक प्रेमानंद शुक्ला (श्री धाम वृंदावन) फूलों से सुसज्जित रथ पर सवार थे। वहीं भक्तों के द्वारा बाबा श्याम का रथ हाथों से खींचा जा रहा था। हर कदम पर बाबा श्याम के जयघोष वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। इस दौरान सनातन संस्कृति का प्रतीक भगवा रंग की पताका व श्री श्याम निशान लिए भक्तजन खाटू श्याम के भजनों पर जमकर थिरके। शोभायात्रा का जगह-जगह खाटू श्याम के भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।
शोभायात्रा राम कुटी मंदिर से आरंभ होकर श्याम सदन, पंजाबी कॉलोनी, मंडी एक्सटेंशन, मंगला चौक, रेलवे रोड़ आदि मार्गो से होती हुई कथा स्थल पुरानी अनाज मंडी में संपन्न हुई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु खाटू श्याम बाबा के दर्शन पाने के लिए उमड़ पड़े। श्री श्याम मस्ताना मंडल की संस्थापिका शालिका अग्रवाल ने बताया कि मंडल की ओर से तृतीय श्री श्याम अमृत वर्षा महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है
जिसके तहत नरेला में पहली बार पुरानी अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में भव्य आयोजन होगा जो 21 जनवरी से शुरू होकर 24 जनवरी को संपन्न होगा। कथावाचक श्री धाम वृंदावन वाले सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक ब्रज रसिक प्रेमानंद शुक्ला जी के मुखारविंद से होगा। वही 24 जनवरी को भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन होगा। जिसमें हरिदासी कृष्णा प्रिया दीदी (श्री धाम वृंदावन) श्री संदीप मस्ताना (कानपुर) ईशु गोड (कुंडली) एनम अग्रवाल दिल्ली श्री श्याम के भजनों की प्रस्तुति देंगे। श्री श्याम कथा के दौरान छप्पन भोग और भक्तों के लिए रोजाना भंडारे की व्यवस्था रहेगी। प्रचार मंत्री पारस जैन ने बताया कि श्री श्याम कथा के दौरान रोजाना लकी ड्रा कूपन निकल जाएगा जिसमें विजेता को श्री कृष्णा आशियाना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की ओर से चांदी की बांसुरी उपहार स्वरूप दी जाएगी। शोभायात्रा पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा मेंश्री श्याम मस्ताना मंडल की और से संस्थापिका शालिका अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक रणवीर सिंह, वरिष्ठ संरक्षक रामा खत्री, संरक्षक विपिन अग्रवाल, संरक्षक प्रतीक बंसल, मार्गदर्शक अजय कुमार, विवेक अग्रवाल, प्रचार मंत्री पारस जैन, अंकित सक्सेना, पूर्ण भगत, वीरेंद्र गर्ग, महावीर, अमित, पंकज, अमित शर्मा, जितेंद्र शेट्टी, बंटी गर्ग, राहुल मंगला, अमित बंसल, सुनील पहलवान, विकास बंसल, श्रवण कुमार भविष्य गर्ग एकलव्य शर्मा,तक्षु गोयल, चिराग गर्ग, प्रतीक गर्ग, मधु, रानी, मीनू, रेनू, नेहा, नंदनी, ज्योति, मंजू, रीतू गुप्ता, रामा नहरा, एनम अग्रवाल, रक्षा गर्ग, अन्वी अग्रवाल सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने।




# 'पार्षद अजीत यादव दे रहे है क्षेत्र के विकास पर ध्यान'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड-17** भलस्वा में निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा शनिवार को मंगल बाजार रोड़ के पीडब्ल्यूडी के नालों और सीडी पार्क झुग्गी और भलस्वा गांव के नालों की समस्या को देखते हुए विक्टर छोटी मशीन से मंगल बाजार रोड़ बी ब्लॉक साइड वाले पीडब्ल्यूडी के नालों और सीडी पार्क झुग्गी और भलस्वा गांव के नाले की सफाई करवाई गई। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र का कोई व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# मयार्दा पुरूषोतम प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर घर-घर द्वीप प्रज्जवलित करेंः सुमेर सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरे देश में भारी उत्साह है। भारत वर्ष के साथ-साथ विश्व के अनेक देशों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विदेशी जनमानस भी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्री सैनी ने कहा कि देश में रामभक्तों के द्वारा जहां एक और लोगों को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण देने का कार्य जारी है, वही लोगों को अक्षत के साथ प्रभु श्रीराम



के झंडे भी दिये जा रहे है। साथ ही पूरे भारत वर्ष में राम भक्तों के द्वारा विशाल शोभा यात्रा भी निकाली जा रही है, सूर्यवंशी होने के नाते अपने कुल पुरोधा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सैनी समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य बन जाता है कि वह 22 जनवरी के दिन को अपने घरों में 5 द्वीप प्रज्जवलित कर प्रभु श्री राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करें। अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा (पंजी.) के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष मोहनजीत सिंह सैनी, हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष जिले सिंह सैनी, उत्तराखंड प्रदेश के अध्यक्ष पवन सैनी, उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. किशोर सैनी, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नेमी चंद सैनी सहित अनेक प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्षों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में सैनी बंधुओं से अपने कुल पुरोधा भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर 5 द्वीप प्रज्जवलित कर भगवान श्री राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का आह्वान किया है।
अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व राज्यमंत्री विरेन्द्र सिंह सैनी ने भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूर्यवंशी समाज इस अवसर पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए।



आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा जहांगीरपुरी के आई और जे ब्लॉक में क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए साथ में आप नेता अशोक भास्कर, रमेश शर्मा, अनुज सिंह व अन्य।

# विधायक पवन शर्मा व पार्षद मुकेश गोयल ने किया गली निर्माण कार्य का शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नंबर-15 के मजलिस पार्क गली नंबर-1 के साथ वाली गली का नवनिर्माण का उद्घाटन विधायक पवन शर्मा और निगम पार्षद मुकेश गोयल के द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक पवन शर्मा, पार्षद मुकेश गोयल के अलावा मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुभाष दीक्षित, नीरज कपूर सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने विधायक पवन शर्मा और पार्षद मुकेश गोयल का स्वागत किया और मुकेश गोयल का इस कार्य के लिए धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर विधायक पवन शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। आप राज में दिल्ली की तस्वीर बदली है। पार्षद मुकेश गोयल बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है। तो वहीं निगम पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है, जिसके लिए मैं हमेशा ही प्रयासरत रहता हूं और समय-समय पर क्षेत्र का दौरा करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

# मॉडल टाउनः धूमधाम से मनाया गया विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी के मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी का जन्मदिन आप के कार्यकर्ताओं ने मिलकर बडी ही धूमधाम से मनाया। इस मौके विधायक को बधाई देने वालों का उनके कार्यालय में तांता लगा रहा।
**बधाई देने वालों का लगा रहा तांताः** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम आदमी के कार्यकर्ताओं सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।
इस मौके पर विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने कहा की जनता भगवान का स्वरुप होती है और मैं सभी क्षेत्रवासियों का आभारी हूँ की जनता ने मुझे लोगों की सेवा करने का मौका दिया है।
**यह लोग रहे मौजूदः** जन्मदिन




कार्यक्रम में शामिल होने वालों में राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता के प्रतिनिधि निशांत गुप्ता, रितेश मेहरा, कमला नगर से रोहित गुप्ता सहित क्षेत्र कि विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों सहित विशाल पांडे, विशाल गुप्ता, सुशील गर्ग, कन्हैया झा, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, विजय सिंह, कमलेश भदोरिया, नरेश पांडे, रविंद्र, संजय कुमार के साथ-साथ अन्य लोगों ने विधायक के जन्मदिन के शुभअवसर पर उनके स्वस्थ, दीघार्यु व कामयाब जीवन की मंगलकामना की।

# व्यापारी करेंगे जगह-जगह कई कार्यक्रम आयोजितः पम्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या** जी में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स एसोसिएशन रजिस्टर्ड बस्ती हरफूल सिंह सदर थाना रोड प्रधान राजकुमार चढ़ा, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जनरल सेक्रेटरी विनोद कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष पवन सभरवाल, जॉइंट सेक्रेटरी नितिन गुप्ता ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (पंजी.) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, महासचिव राजेंद्र शर्मा, कमल कुमार का स्वागत किया और सभी जय श्री राम के जयकारे लगा रहे थे।

# फरीदाबाद - गुरुग्राम जिला में 50 एकड़ जमीन में साइंस सिटी बनाएगी हरियाणा सरकार: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। नए वैज्ञानिक शोध नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार फरीदाबाद या गुरुग्राम जिला में से एक में 50 एकड़ में साइंस सिटी की स्थापना करेगी। इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल शनिवार को थिस्टी बायोटेक संस्थान में 9 वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आज इस 9वें विज्ञान महोत्सव की मेजबानी करने का



अवसर हरियाणा को मिला है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान महोत्सव में छात्र, शिक्षक, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, उद्यमी, शिक्षाविद, स्टार्टअप तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भागीदारी की है। ये सभी भागीदार बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान महोत्सव विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को उजागर करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न हितधारकों के बीच ज्ञान के अदान-प्रदान व चिंतन-मनन के लिए एक मंच उपलब्ध करवाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज्ञान के प्रति समर्पण को जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि जय-जवान, जय-किसान, जय-विज्ञान और जय-अनुसंधान का मंत्र देकर भारत को आगे बढ़ने के लिए नई दिशा प्रदान की है। भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव देश का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है। इस विज्ञान महोत्सव का थीम 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी : पब्लिक आउटरीच इन अमृत काल' बड़ा ही प्रासंगिक व समसामयिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, समृद्ध व आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया हुआ है। इस संकल्प को पूरा करने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। उन्होंने विज्ञान को प्रयोगशाला से बाहर निकालकर जमीनी स्तर तक पहुंचने के तरीकों को ढूंढने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज स्थानीय समस्याओं पर शोध करके उनका समाधान करने की आवश्यकता है। इस तरह के विज्ञान उत्सव खोजी मन के विजन को साकार करते हैं और साथ ही युवाओं में एक नई ऊर्जा, एक नये दृष्टिकोण का संचार करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रसर होने के लिए प्रेरित भी करते हैं।
महोत्सव का उद्देश्य संपन्न भारत की प्रगति के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में रचनात्मकता को बढ़ावा देना
मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि यह महोत्सव देश का सबसे बड़ा विज्ञान महोत्सव है।

# जे.सी. बोस विवि में प्रशासन के खिलाफ फैकल्टी एसोसिएशन की भूख हड़ताल जारी

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
फरीदाबाद में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में प्रशासन के खिलाफ फैकल्टी एसोसिएशन द्वारा आयोजित भूख हड़ताल दूसरे दिन और समग्र धरना पांचवें दिन में प्रवेश कर गया। चूंकि प्रशासन सोलह पदोन्नति मामलों को गैरकानूनी तरीके से खारिज करने पर अड़ा हुआ है और फैकल्टी एसोसिएशन (जेयूएफए) इस अन्याय के खिलाफ एकजुट है। प्रशासन और एसोसिएशन के बीच गतिरोध बरकरार है और निकट भविष्य में कोई सफलता मिलती नहीं दिख रही है. एसोसिएशन सदस्य उचित मांगों को लेकर, 19.01.2024 से शूरु करके, प्रतिदिन पांच सदस्यों के समूह में



भूख हड़ताल पर बैठ रहे हैं। दिनांक 20.01.2024 को सभी विभागों के अध्यक्षों ने कुलपति से मुलाकात की और उन्हें इस मामले में समाधान प्रदान करने के लिए मनाने का प्रयास किया। हालाँकि कुलपति अड़े हुए हैं और उन्होंने अपना निर्णय वापस लेने से इनकार कर दिया।
उन्होंने फैकल्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष से मिलने से भी इनकार कर दिया। पूरे दिन विश्वविद्यालय परिसर प्रशासन विरोधी नारों से गूंजता रहा। संकाय सदस्य पूरे दिन खुले में ठंडी लहरों का सामना कर रहे हैं।
एसोसिएशन सदस्यों की मुख्य मांग यूजीसी मानदंडों और राज्य सरकार के नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय में पदोन्नति और अन्य कार्यों के लिए सभी नीतियों को लागू करना है।

# प्रदेश में 2 लाख पद खाली होने के बावजूद रोजगार देने में नाकाम सरकार: डॉ. गुप्ता

## इजरायल जाने वाले हर युवा की सुरक्षा की जिम्मेदारी ले खट्टर सरकार :

**आरोप**

**8 खट्टर सरकार पढ़े लिखे युवकों को मजदूर बना इस्राइल भेजकर युद्ध में झोंकने की तैयारी कर रही**




टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की युवाओं के रोजगार के लिए बनाई रोजगार नीति की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ सौतेला व्यवहार किया है। पिछले साढ़े नौ साल में भाजपा सरकार ने युवाओं को झूठे वादों के अलावा कुछ नहीं दिया। सीईटी का एग्जाम भी पूरी तरह से फेल हुआ है और हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन भी विफल रहा है। जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पिछले 2 सालों में ही 42 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। वहीं लाखों युवाओं को प्राइवेट क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए।
उन्होंने कहा पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में विदेशों से आकर युवा अपने उद्योग धंधे स्थापित पर रहे हैं। पंजाब में युवाओं का रिवर्स माइग्रेशन शुरू हो गया है। प्राइवेट क्षेत्र में भी इन्वेस्टमेंट के अवसर मिल रहे हैं। बड़े बड़े औद्योगिक घराने भी पंजाब में इन्वेस्टमेंट कर चुके हैं। वहीं खट्टर सरकार हरियाणा के युवाओं को युद्ध के खतरे में झोंकने के तैयारी कर रही है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा के युवाओं को नौकरियों में 75% आरक्षण देने का वादा किया था। लेकिन उनका 75% आरक्षण का कानून इतना कमजोर था कि वो कोर्ट में धाराशायी हो गया। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार अपने युवकों को विदेश से लेकर पंजाब में नौकरी के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अनेकों उद्योगों को पंजाब में इन्वेस्टमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है ताकि युवाओं को प्राइवेट रोजगार मिल सके। वहीं हरियाणा की खट्टर सरकार युवाओं को युद्ध में धकेल रही है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश के 25 लाख युवा रोजगार के लिए दर बदर भटक रहे हैं। लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा जबकि प्रदेश में स्वीकृत पद 2 लाख से ज्यादा खाली पड़े हैं। जिनको भरने में हरियाणा सरकार नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71,000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं, प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42,000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29,000 पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग में 21500, परिवहन विभाग में 9339, पशुपालन विभाग में 5738, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग में 5073, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 2867 पद रिक्त पड़े हैं। लेकिन भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को भर्ती नहीं कर रही है। हालात ऐसे हैं कि एचएसएससी पेपर लेता नहीं और लेता है तो पेपर लीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि इन पदों को भरने की बजाय हरियाणा सरकार युवाओं के खिलाफ एक षड्यंत्र रच रही है। भाजपा सरकार हरियाणा के 10000 युवाओं को इजरायल भेज कर उनको युद्ध में झोंकना चाहती है। हरियाणा में बेरोजगारी का आलम यह है कि वहां जाने के लिए भी 50000 युवा लाइन में खड़े हैं। जब युवाओं से पूछा जाता है कि इस लड़ाई के मैदान में आप क्यों जा रहे हो तो कहते हैं भूख से मरने से अच्छा है गोली खा कर मर जाएं। युवाओं की इस दयनीय स्थिति के लिए खट्टर सरकार जिम्मेदार है।
उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के कारण हरियाणा का युवा या तो डिप्रेशन के रास्ते पर जा रहा है या फिर नशे के रास्ते पर जा रहा है।

# प्रथम प्रयास में 183 अंको के साथ यूजीसी नेट परीक्षा पास

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
शहर के प्रिंस गोयल ने पहले ही प्रयास 183 अंको के साथ यूजीसी नेट परीक्षा पास करने में सफलता हासिल की है। प्रिंस की इस उपलब्धी पर स्कूल व गन्नौर शहर में खुशी का माहौल है। उन्होंने ने स्कूल में 12वीं की परीक्षा में भी अच्छे अंक लेकर गन्नौर का नाम रौशन किया था। विद्यालय की प्राचार्य भूषण भाटिया व गन्नौर व्यापार मंडल व अन्य संस्थाओं ने प्रिंस की उपलब्धी पर गर्व महसूस करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंस ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल स्टाफ व पिता सतीश गोयल व मां को दिया है।

# माही ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में दूसरा स्थान प्राप्त किया

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा माही ने महाराष्ट्र के नासिक में 9 से 12 जनवरी तक आयोजित 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणा की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया है। माही को उपहार स्वरूप एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने माही को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों के 66 प्रतिभागियों ने 18 श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतिभागियों ने पोस्टर मेकिंग में पहला तथा सोलो डांस और अंग्रेजी कहानी लेखन में दूसरा स्थान प्राप्त



किया। इससे पहले भी छात्रा माही ने पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हरियाणा के 22 जिलों के बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें माही ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। अब नासिक में आयोजित इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव में माही ने अपना दमखम बरकरार रखा और दूसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सिन्हा ने बताया कि माही की कहानी का विषय सक्षम युवा, समर्थ भारत था। यह कहानी एक ऐसी लड़की की कहानी है जिसका नाम अपराजिता था। माही को इस कदर काबिल बनाने में रौनक पब्लिक स्कूल की सीनियर विंग की को-आर्डिनेटर और अंग्रेजी विभाग की प्रमुख शुचिस्मिता चक्रवर्ती का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि माही ने यह सफलता अपनी कड़ी मेहनत से हासिल की है। माही शुरू से ही काफी प्रतिभाशाली रही है। प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने बताया कि शुचिस्मिता मैम उसके लिए प्रेरणास्रोत रही है। उन्होंने उसकी सफलता की राह में हर कदम पर उसका साथ दिया है। माही ने स्कूल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। माही आगे भी

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुई प्रार्थना सभा

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
जी टी रोड पर बड़ी गांव के पास स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों ने श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रार्थना सभा हुई। कार्यक्रम में अपोलो स्कूल के छात्रों ने नृत्य, भगवान श्री राम पर कविता, श्रीराम पर भाषण दिया। मंदिर इतने सालों में किस प्रकार बन रहा है, इन सभी बिंदुओं को बड़ी ही तन्मता के साथ छात्रों ने प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा- 22 जनवरी को सभी अपने घरों की



साफ-सफाई करके दिए जलाएं और अपनी प्रतिबद्धता में समूची, सफलता, संबंध -समृद्धि और संतुष्टि को पाएं। जैसे राम नाम में संसार का सारा आनंद सारा सुख और संतोष समाया है वैसे ही हमारे जीवन में सफलता ,संबंध ,समृद्धि और संतुष्टि निहित है। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# हरियाणा में व्यापारी व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए भयभीत है: बजरंग गर्ग



टीम एक्शन इंडिया/हिसार
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कैंप चौक पर दी लीजेंट होटल पर अपराधियों द्वारा तोड़- फोड़ करने व 20 लाख की फिरौती मांगने पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कड़े शब्दों में निंदा की। बजरंग गर्ग ने होटल के मालिक दीपक कुमार से मिलने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि अपराधियों द्वारा सुबह 5:00 बजे होटल में तोड़फोड़ करने व फिरौती मांगने से व्यापारी व आम जनता में भय का माहौल है जबकि हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा लूटपाट, फिरौती, अपहरण,चोरी व हत्या की वारदात हो रही है। हरियाणा अपराध के मामले में देश में अव्वल स्थान पर है। जहां पर व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए भयभीत हैं। हिसार में पिछले दिनों व्यापारी राजकुमार से 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने, 70 लाख की सच मोबाइल गैलरी में चोरी होने, राजगुरु मार्केट व शहर में अनेको जगह चोरियां होने आदि व अनेकों वारदातें हो चुकी है। सरकार व्यापारी व आम जनता की जान माल की सुरक्षा करने में विफल सिद्ध हुई है। सरकार को व्यापारी व आम जनता की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अपने खर्चे पर शहर व सभी मंडियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए ताकि अपराधियों को डर रहे और अपराधियों की पहचान की जा सके। जबकि आज अपराधी भय मुक्त होकर प्रदेश में अपराध कर रहे हैं। जिसका मुख्य कारण हरियाणा में लगातार बेरोजगारी व नशे का बढ़ता प्रचलन है। आज युवा वर्ग नशे की दलदल में फसता जा रहा है और शिक्षा संस्थानों के आसपास नशा बिकना आम बात हो गई है। सरकार को नशे के व्यापार पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए और बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अपराधियों को पड़कर जेलों में भेजना चाहिए और पुलिस प्रशासन को दी लीजेंट होटल पर हमला करने वाले अपराधियों को तुरंत पड़कर सख्त से सख्त कार्रवाई करे नहीं तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएगा।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले गांव राजलू गढ़ी के मंदिर में ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाया । मंदिर के बाबा मौनी नाथ ने ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही कार्यकताओं के साथ मंदिर परिसर को स्वच्छ करने में योगदान पर आभार जताया। बाबा मौनी नाथ ने कहा कि 22 जनवरी देशवासियों के लिए सौभाग्य का दिन है। इस दिन रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरे विश्व में यह दिन दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर गांव राजलू गढ़ी के मंदिर में 21 जनवरी को भगवान राम के ध्वजा लेकर गांव में धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली जाएगी।
22 जनवरी को गांव के मंदिर में सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पूरा गांव राममय और भक्तिमय होगा। टीम के सदस्य जयभगवान राठी, कृष्ण राठी, दीपक, राजबाला, पूनम, कविता, राजवंती, गुड्डी, मंजू राठी, मनीषा राठी, बलराम, आन्नद, संजीत, प्रीति, अजीत, पूजा, विरेन्द्र ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व की बात है की हम सभी श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे है।

# छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत ट्रैफिक टीआई ग्रेटर सतीश कुमार ने सेक्टर-31 में फरीदाबाद माडल स्कूल के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। जागरुकता प्रोग्राम में प्रधार्नाचार्य शशि मलिक, कोडीनेटर जम जम व दिपीका के साथ करीब 220 छात्र- छात्राए ने भाग लिया है। ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद द्वारा मनाए जा रहे 35 वां में सड़क सुरक्षा माह का आज तीसरे दिन है जो 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक मनाया जाएगा। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में



जागरूक करते हुए बताया कि रोड़ पर हमें सावधानी से चलना चाहिए। रोड़ को पार करते समय पहले अपने राइट देखना व फिर लेफ्ट देखने के बाद सावधानी से रोड़ पार करनी चाहिए। उन्होने बताया कि रोड़ पर सावधानी हटी दुर्घटना घटी। अपने बचाव में ही सबका बचाव है। रेड लाइट को कभी भी रेड सिग्नल पर पार नही करना चाहिए, ग्रीन होने पर ही रेड लाइट को पार करना चाहिए। इन सब सावधानी से सड़क दुर्घटना से बचने के लिए कई उपाय बताएं। अपने वाहन को हमेशा गति सीमा में ही ड्राइव करना चाहिए। अपनी लेन मे चलाएं तथा वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल ना करे साथ ही वाहन में ऊंची आवाज में संगीत न बजाएं। गाड़ी चलाते समय स्वयं यातायात नियमों का पालन करे सावधानी बरतें और दूसरों का बचाव करें। गाडी के इंडिकेटर और रिफ्लेक्टर टेप का प्रयोग करे। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का अवश्य प्रयोग करे। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। अगर आपके सामने कोई दुर्घटना होती है तो आप डायल 112 पर सूचना दे। बगैर लाइसेंस के वाहन चलाने की कोशिश ना करें।

# अंत्योदय की भावना के साथ आमजन के विकास के लिए कार्य किए : सीएम

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि राम व राष्ट्र पर्यायवाची शब्द है और राम के बिना राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल शनिवार को मानव रचना विश्वविद्यालय फरीदाबाद में एक संवाद कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे। इस अवसर उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन लोगों के सैकड़ों वर्षों के संघर्ष व आस्था की जीत का दिन है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि 22 जनवरी को प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में दीप अवश्य जलाए। राम हमारे रोम- रोम में बसे हुए हैं हम हर सुख और दुख में उन्हें याद करते हैं। एक सवाल के



जवाब में उन्होंने कहा कि धर्म नीति से जुड़ा हुआ विषय है और वह राजनीति से भी जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने 9 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बताते हुए कहा कि हमने अपने शासनकाल में अंत्योदय की भावना के साथ आमजन के विकास के लिए कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की छोटी से छोटी समस्या को समझ कर उसके समाधान का कार्य किया है। एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि 9 साल पहले प्रदेश में बेटियों की संख्या 871 थी। इसके बाद बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसा सफल अभियान चलाया गया और आज प्रदेश में बेटियों की संख्या 932 पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हमने हरियाणा में करप्शन, क्राइम, और कास्ट बेस्ट पॉलिटिक्स को खत्म किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एंटी करप्शन ब्यूरो का गठन कर भ्रष्टाचार करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर प्रहार किया । आज हम किसानों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। हमने परंपरागत खेती से हटकर नेचुरल फार्मिंग पर जोर दिया। भावी पीढि?ों के लिए जल बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है इसलिए हमने धान की फसल को कम करने का आह्वान किसानों से किया और दूसरी फसल परिवर्तित करने पर किसानों को आर्थिक मदद भी पहुंचाई। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में हमने 11000 करोड रुपए किसानों को मदद के रूप में दिए। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल, प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता,विधायक राजेश नागर, विधायक जगदीश नायर, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली मीडिया, कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, अजय गोड, गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।"

# राजकीय स्कूल गढ़ी झंझारा स्कूल में कार्यरत लिपिक ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी झंझारा में लिपिक पद पर कार्यरत लिपिक सुनील कुमार ने 196 अंको के साथ यूजीसी नेट परीक्षा पास करने में सफलता हासिल की है। लिपिक सुनील कुमार की इस उपलब्धी पर स्कूल स्टाफ ने उसे बधाई दी है। स्कूल के प्रधानाचार्या राजबीर पराशर ने सुनील कुमार को बधाई देते हुए बताया कि सुनील अपने कार्य के प्रति काफी सजग रहता है। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार जिला फतेहाबाद के गांव पीली मनदोरी का रहने वाला है और सितंबर 2022 से उनके स्कूल में लिपिक



के पद कार्यरत है। प्रधानाचार्य ने बताया कि सुनील कुमार को कभी किसी काम के बारे में कहने की जरूरत नही पड़ी वे अपने कार्य के प्रति हमेशा गम्भीर रहते है। उन्होंने बताया कि जब भी उनको समय मिलता वो पढ़ते रहते थे जिसके चलते उन्होंने ये परीक्षा पास करके स्कूल के साथ साथ अपने गांव व माता पिता का नाम रौशन किया है। वे अपने स्कूल के लिपिक की उपलब्धी पर गर्व महसूस करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। सुनील कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रधानाचार्य राजबीर व स्कूल स्टाफ के साथ अपने पिता को दिया है। इस अवसर पर अध्यापक सतबीर,अनुपम रापरिया, अंकुर, विनय, निशा,बिजेन्द्र, रविन्द्र, पुष्लता, सुषमा, अंजू, पूजा, संजय, बंसीलाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




फास्ट न्यूज

## एचआरडीए कार्रवाई: सील के बाद भी हो रहा था निर्माण

**हरिद्वार:** हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण ने आज उपाध्यक्ष अंशुल सिंह के नेतृत्व में रामघाट पर पीलीभीत हाऊस में हो रहे निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण में निर्माण की गतिविधि मिलने पर उन्होंने प्रबंधक को फटकार लगाई और निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि पीलीभीत हाउस में सीलिंग के बावजूद काम हो रहा है। जिसके बाद आज वी सी आईएएस अंशुल सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण टीम ने पीलीभीत हाऊस पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर चार दिन पूर्व प्राधिकरण द्वारा लगाई गई सील टूटी मिली तथा होटल के दूसरे हिस्से में निर्माण की गतिविधियां मिली। जिसपर अधिकारियों ने वहां मौजूद प्रबंधकों को कड़ी फटकार लगाई तथा निर्माण गतिविधियों को तत्काल रोकने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष अंशुल सिंह ने बताया सीलिंग से छेड़छाड़ पर भी नियम सम्मत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## अयोध्या धाम के लिए साइकिल पर निकला बब्बू भाटिया

**बटाला:** 22 जनवरी के ऐतिहासिक पलों को यादगार बनाने के उद्देश्य से भगवान श्रीराम जी के भक्त नाना प्रकार के प्रयास कर रहे हैं। किसी राज्य से कोई श्रद्धालु श्री अयोध्या धाम के लिए पैदल निकल रहा है तो कोई साइकिल पर ही प्रभु श्री रामलला की एक झलक पाने के लिए श्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हो रहा है। ऐसा ही एक रोमांचक तथा भक्ति से भरपूर दृश्य श्री अचलेश्वर धाम में देखने को मिला यहां उमरपुर रोड पर बर्तनों की दुकान करने वाला बब्बू भाटिया नाम का एक युवक श्री अचलेश्वर धाम में नतमस्तक होने के बाद श्री अयोध्या धाम के लिए अपनी साइकिल पर रवाना हुआ।

**श्री राम जी से मांगी है मन्नत:** युवक से श्री अयोध्या धाम की तरफ साइकिल पर यात्रा करने के मंतव्य के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि उसका एक तीन साल का बेटा मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसने भगवान श्रीराम जी से मन्नत मांगी है कि वह उसके बेटे को स्वस्थ शरीर प्रदान करें। उसे पूरी उम्मीद है कि भगवान श्रीराम उसकी यह मनोकामना पूर्ण करेंगे। इसके लिए उसने कल ही यह साइकिल बाजार से खरीदी है। पहले उसने कभी साइकिल नहीं चलाया और वह हर जगह अपने दो पहिया वाहन पर ही सफर करता है।

## दमिश्क में इमारत पर इस्राइल का मिसाइल हमला

**दमिश्क:** सीरिया में मानवाधिकारों की निगरानी करने वाले एक समूह ने समाचार एजेंसी 'एएफपी' को बताया, 'सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक इस्राइली मिसाइल से चार मंजिला इमारत को निशाना बनाया गया है। जिसमें पांच लोग मारे गए हैं। इमारत में ईरान से जुड़े नेताओं की बैठक चल रही थी।' समूह ने सीरिया के अंदरूनी सूत्रों के हवाले से कहा कि जहां इमारत को निशाना बनाया गया है, वह उच्च सुरक्षा वाला इलाका है। यह ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड और ईरान समर्थक फलस्तीनी गुटों के नेताओं का गढ़ है। मानवाधिकार समूह के निदेशक रामी अब्देल ने बताया कि उन्होंने (इस्राइल) निश्चित रूप से ईरान समर्थित समूहों के वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाया है।

# 'वोकल फॉर लोकल की आधारशिला है हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफेद बारादरी में ग्रामश्री एवं क्राफ्ट रूट्स की हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

प्रोत्साहित

• एग्जीबिशन से जुड़े हस्तशिल्प प्रेरणा का स्रोत, वह आत्मनिर्भर होने के साथ लोगों को दे रहे रोजगार: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**हैंडीक्राफ्ट** एग्जीबिशन देखने में भले ही छोटी लग रही है, लेकिन यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में वर्ष 2018 में परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए एक जिला एक उत्पाद का एक अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों के एक यूनिक प्रोडेक्ट का चयन कर उसकी मार्केटिंग की गई। इससे परंपरागत उद्योग को एक नई दिशा और वैश्विक पटल पर पहचान मिली। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में आयोजित ग्रामश्री एवं क्राफ्ट रूट्स की हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में कही।

**उत्तर प्रदेश में पोटेंशियल की कोई कमी नहीं:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके प्रशिक्षण के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चलायी जा रही है। इसके तहत उन्हे मानदेय और टूलकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि लैंडलॉक्ड स्टेट कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश का दो से तीन वर्ष के अंदर एक्सपोर्ट दो गुने से अधिक हो गया। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन में गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने कई अभिनव प्रयोग किये। उन्होंने इन प्रयोगों से महिला सशक्तीकरण को जोड़ा, जो काम से वंचित थीं। उन्हे जब मौके मिला तो उन्होंने अपने हुनर का प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि प्रदेश में पोटेंशियल की कमी नहीं है।

आज गवर्नर आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। हैंडीक्राफ्ट से जुड़े कारीगर और हस्तशिल्प प्रेरणा का स्त्रोत हैं क्योंकि वह आत्मनिर्भर होने के साथ दूसरों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

कोरोना कालखंड में प्रदेश में 40 लाख से अधिक लोग आए। उन्हे रोजगार उपलब्ध कराना हमारे लिये बड़ा चैलेंज था। ऐसे में सरकार के आह्वान पर प्रदेश की 96 लाख एमएसएमई यूनिट ने इन्हे काम देकर संकट की घड़ी में साबित कर दिया कि उत्तर प्रदेश में कुछ भी असंभव नहीं है। इतना ही नहीं आज प्रदेश की ओडीओपी योजना अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं। और इसे नई पहचान दे रही हैं।

### आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने गुजरात से ग्राम स्वराज की नई प्रेरणा दी। यहां पर ग्रामश्री संस्था का जन्म होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को आगे बढ़ाते हुए हस्तशिल्पियों और कारीगरों को टेक्नोलॉजी से जोड़ नई दिशा दी है। संस्था हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन के जरिये देश के विभिन्न राज्यों के कारीगरों की कुशलता को आपस में आदान-प्रदान कर इसे नया रूप दे रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल विजन को दर्शार्ती हैं। सीएम योगी ने कहा कि ग्रामश्री संस्था की तरह अन्य संस्थाओं को भी आगे आना चाहिये ताकि पूरा विश्व देश के कारीगरों के हुनर को जान सके। पहले देश में पर्व और त्यौहार आने पर चीन द्वारा निर्मित सामान देश की मार्केट में छा जाते थे। उनकी कोई क्वालिटी नहीं होती थी। ऐसे में हमने महिला स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं के अनुरुप जब उन्होंने काम शुरू किया जो देश ही नहीं विदेशों में भी ओडीओपी योजना के तहत प्रदेश के उत्पाद छा गये। इतना हीं नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी विदेशी दौरे पर जाते हैं तो वह देश के किसी न किसी राज्य के प्रोडेक्ट को मेहमानों को भेंट स्वरूप देते हैं, जो यह दशार्ता है कि इस फील्ड में अपार संभावनाएं हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा हवन-यज्ञ में बदरी गाय के घी का विशेष महात्म्य



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देवभूमि भी जुड़ गई है। उत्तराखंड की 28 नदियों के जल से रामलला का जलाभिषेक होने जा रहा है, तो यहां के पहाड़ों की जड़ी-बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से हवन यज्ञ में होगा। यही नहीं, देवभूमि की बदरी गाय के घी का उपयोग हवन यज्ञ में तो होगा ही, इससे रामलला के मंदिर के दीये भी दैदीप्यमान होंगे। इसके लिए उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों से बदरी गाय का दो क्विंटल घी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भेजा गया है। औषधीय गुणों से भरपूर बदरी गाय के घी को अत्यधिक ओज बढ़ाने वाला माना जाता है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर समूची देवभूमि में वातावरण पूरी तरह राममय हो चुका है। इसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह से उत्तराखंड को भी जोड़ा गया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजेय बताते हैं कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर समेत अन्य पर्वतीय जिलों से बदरी गाय का दो क्विंटल घी एकत्रित कर अयोध्या भेजा गया है। प्राण प्रतिष्ठा, हवन-यज्ञ में बदरी गाय के घी का विशेष महात्म्य है। उन्होंने बताया कि इस घी से ही रामलला के मंदिर के दीपक भी प्रकाशमान होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि देवभूमि से निकलने वाली गंगा, यमुना, सरयू समेत 28 नदियों का पवित्र जल जलाभिषेक के लिए भेजा गया है।

नूतन विग्रह

• उत्तराखंड की 28 नदियों के जल से जलाभिषेक, जड़ी-बूटियों से हवन-पूजन और घी से दैदीप्यमान होंगे श्रीराम

## भगवान श्रीराम सबको जोड़ने वाले हैं: सीएम धामी

उत्सव

• उत्तराखंड से भी श्रीराम का लगाव

• अयोध्या में तीन एकड़ में बनेगा उत्तराखंड भवन : धामी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

भव्य राम मंदिर श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही देवभूमि में भक्ति माहौल में राममय हो गया है। रामभक्तों की ओर से शनिवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा शहर राम के रंग और जगह-जगह भगवान श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों के प्रतीक्षा के बाद यह शुभ अवसर आया है। परेड मैदान स्थित खेल मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम भक्तों की ओर से भव्य राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के निमित्त शनिवार को "राम राज्य शोभायात्रा" कार्यक्रम में उपस्थित राम भक्तों को संबोधित किया। इस मौके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भगवान राम का दिव्य और भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, यह अवसर हम सब को देखने को मिल रहा है। यह दिन इतनी आसानी से नहीं बल्कि लंबे संघर्ष के बाद देखने को मिल रहा है। कितने माताएं अपने पुत्र, बहनें अपने भाइयों और बच्चे अपने पिता को खोने के साथ ही और साधु संतों के संघर्ष-बलिदान के बाद आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर बन रहा है।

## ' हर मंदिर को अयोध्या की तरह सजाएं'

**मीरजापुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में चल रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को मीरजापुर के विभिन्न मंदिरों में सफाई की। विंध्यवासिनी मंदिर परिसर की सफाई एवं धुलाई करते हुए देव प्रतिमाओं को स्नान कराया और कार्यकर्ताओं के साथ पूजा अर्चना की। कैबिनेट मंत्री नंदी ने स्वच्छ तीर्थ अभियान की शुरूआत रामेश्वरम शिव मंदिर शिवपुर से की। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात वे विंध्यधाम पहुंचे।

## 'असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला निंदनीय'

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर शुक्रवार रात को असम के लखीमपुर में हुए हमले की निंदा की है। पार्टी ने कहा कि यात्रा को जनता के मिल रहे भरपूर सहयोग व समर्थन से भाजपा घबरा गई है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि असम में हुआ हमला इस बात को दशार्ता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी को मिल रहे समर्थन से मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा घबरा गए हैं। माकन ने कहा कि हम भाजपा से कहना चाहते हैं कि हम डरने वाले नहीं हैं।

## पुलिस को कामयाबी: शिवसेना नेता के भाई के हत्यारे सहित छह अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/गुरदासपुर**

**गुरदासपुर** पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी मिली, जब शिवसेना नेता के भाई की हत्या करने वाले आरोपित सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपितों से ने 9 पिस्टल, 10 मैगजीन, 35 रौंद, 1.5 ग्राम हेरोइन और 15 हजार रुपए ड्रग मनी बरामद की है। पकड़े गए छह में से पांच आरोपित क्रिमिनल बैकग्राउंड के है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएसपी दयामा हरीश कुमार ओम प्रकाश ने बताया कि 11 जनवरी को डीएसपी दीनानगर अदित्या एस वारियर की अध्यक्षता में पुलिस पार्टी ने शुगर मिल पनियाड़ में नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान एक वर्ना कार नंबर सीजी 06 डब्लयू 1118 पठानकोट साइड से आ रही थी। जिसको इशारा देकर रोका गया। कार में कंवलजीत सिंह पुत्र मेहताब सिंह निवासी जौड़ा (तरनतारन), पेमा डोमा भुटिया पुत्री नरबू निवासी कुरसेउग दारजलिंग तुंग सेक्टर सोया दुर्गा बाजार वेस्ट बंगाल सवार थे। I डेशबोर्ड में 2 पिस्टल 32 बोर बिना मार्का सहित 2 जिंदा रौंद, 1.5 ग्राम हेरोइन और 15 हजार रुपए ड्रग मनी बरामद की गई।

## 'बिहार में इंडी गठबंधन का टूटना तय: पशुपति पारस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/पटना**

भाजपा और जदयू नेताओं के बयानों से बिहार की राजनीति में उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। वहीं, अब एनडीए में शामिल पशुपति पारस ने इंडी गठबंधन को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का टूटना 100 प्रतिशत तय है और राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के बाद एनडीए के लिए अच्छा डेवलपमेंट होगा।



केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बीच मतभेद गहरा गए हैं। उन्होंने कहा कि अशुभ माना जाने वाला खरमास का समय जा चुका है। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। शुभ समय शुरू हो गया है और जो भी होगा वह एनडीए के लिए अच्छा होगा। उन्होंने आगे कहा कि बिहार समेत पूरा देश राम मंदिर को लेकर उत्साहित है और विपक्ष को चुनाव से कोई उम्मीद नहीं है।

वातावरण — यहां धुंध और कोहरा तो खूब है लेकिन बारिश और बर्फबारी इस सीजन मानो छूमंतर हो गई

## हिमाचल में सदी का सबसे भयंकर सूखा, बारिश के इंतजार में पथराई आंखें

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**भारत** एक कृषि प्रधान देश है। देश के अन्नदाता पूरे वर्ष दिन रात मेहनत करते हैं और तब जाकर उन्हें इसका फल मिलता है। मगर दुर्भाग्य मौसम और वातावरण पर निर्भर रहने वाले देश के किसान अंत में मौसम की ही मार झेलते हैं। कभी बेमौसम बारिश तो कभी सीजन में भी वर्षा का न होना किसानों की करी कराई मेहनत पर पानी फेर देता है हिमाचल प्रदेश में इन दिनों यही हाल है।

**किसानों की बढ़ रही परेशानी:** यहां धुंध और कोहरा तो खूब है लेकिन बारिश और बर्फबारी इस सीजन मानो छूमंतर हो गई है। यही कारण है कि अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की शिकन दिखने लगी है। प्रदेश में दिसंबर और जनवरी महीने में सूखे के चलते रबी की फसलों को नुकसान भी पहुंच रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मौसम की अनुकूलता के चलते 15 फीसदी नुकसान का आंकलन लगाया जा रहा है।





**सूखे के सबसे बड़े दौर से गुजर रहा हिमाचल:** हिमाचल इस समय शताब्दी के सबसे बड़े सूखे के दौर से गुजर रहा है। यह जानकर हैरानी होगी कि प्रदेश में पिछले 110 सालों में इस तरह के हालात ग्यारहवीं बार बने हैं, जब बारिश का न्यूनतम स्तर माइनस 99.7 फीसदी आंका गया है। हिमाचल में अब तक 0.1 फीसदी भी बारिश नहीं हुई है, जबकि इस समय बारिश का आकलन 43.1 फीसदी है। यही कारण है कि मौसम की अनुकूलता के चलते सब्जियां और फसलें बुरी तरह प्रभावित है और यह इस वक्त किसानों की बड़ी समस्या बने हुए हैं।

**पिछले दो महीनों में 49.18 लाख का नुकसान:** प्रदेश के सोलन जिले की बात करें तो यहां के किसान बारिश न होने के चलते नुकसान झेल रहे हैं। पिछले लंबे समय से बारिश न होने के चलते यहां सूखे की स्थिति बन गई है। यहां रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में है।